दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 अंक 22 सीकर, शुक्रवार 20 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8




# 108वीं श्री करणी कथा आयोजित कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र प्रतिपदा के पावन अवसर पर नोखा में आयोजित 108वीं श्री करणी कथा ने पहले ही दिन भव्य और ऐतिहासिक रूप ले लिया। यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन के तत्वावधान में इस आयोजन का शुभारंभ चैत्र प्रतिपदा को निकाली गई विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। यह भव्य कलश यात्रा नगर के गंगा गौशाला से होकर विभन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल तक पहुँची। पूरे शहर में श्जय माँ करणीश् के जयघोष गूंज उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।

जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस पावन यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्तियों ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया। महिलाओं में विशेष उत्साह और भक्ति देखने को मिली। यात्रा का नेतृत्व श्री करणी कथा व्यास महंत श्री डॉ. करणी प्रताप जी ने किया। इस अवसर पर महंत श्री डॉ. करणी प्रताप द्वारा मातृशक्तियों को निःशुल्क चुनरी का वितरण भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार श्री करणी कथा का आयोजन 19 मार्च से 25 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। कथा के पहले ही दिन पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। कथा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक किन्नू बन्ना ने माँ करणी की चिरजाओं से ऐसा समां बाँधा कि पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से आज उपस्थित प्रबुद्ध जन निर्मल कुमार पूरा नारायण जोशी महेंद्र सिंह, सुरेंद्र भट्टड़, श्याम भादू, बिद्धू, परम दान, केशव दान, रामचंद्र दान सांदु, वासुदेव आशिया बंटी ओम सिंह मोहित जोशी दिनेश राजपुरोहित का घनश्याम छींपा पियूष भूरा गोपी किशन पानेचा ओम पारीक, नरसी सारस्व, महावीर लखारा, राजू सैन, मातृशक्ति में सुषमा बजाज शांति मुंद्रा उर्मिला तापड़िया, यशोदा भादला लक्ष्मी तोषनीवाल, राधामनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिकए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत से यह आयोजन सफ्लतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित हुआ है, और आने वाले दिनों में और भी अधिक श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया गया राजस्थान दिवस

# अल्बर्ट हॉल पर राज्य स्तरीय भव्य सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

## राजस्थानी कलाकारों ने समृद्ध संस्कृति एवं गौरवशाली विरासत का किया प्रदर्शन



जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में गुरुवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्या का अल्बर्ट हॉल पर भव्य आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकारों के लोक गायन, नृत्यों और अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों ने आमजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री की पहल पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाए गये राजस्थान दिवस में पद्मश्री श्री अनवर खां मांगणियार एवं दल और पद्मश्री श्री तगाराम भील एवं दल द्वारा सुरीली प्रस्तुतियां दी गई। वहीं, 100 से अधिक लोक कलाकारों एवं कथक नृत्यांगनाओं ने विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों से आयोजन स्थल पर मौजूद जनसमूह को ऊर्जा से भर दिया। इस दौरान राज्य सरकार के 2 वर्ष से अधिक के जनसेवा को समर्पित कार्यकाल एवं उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। अल्बर्ट हॉल पर आयोजित की गई भव्य सांस्कृतिक संध्या में घूमर, गैर, चरी, कच्छी घोड़ी, कालबेलिया सहित विभिन्न लोक नृत्यों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

**भव्य आतिशबाजी ने शहरवासियों में भरा जोश, रोशनी से अल्बर्ट हॉल की बढ़ी भव्यता**-अल्बर्ट हॉल पर 2 घंटे से अधिक समय तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय भव्य सांस्कृतिक संध्या का समापन रंग-बिरंगी आतिशबाजी से हुआ। इस दौरान पटाखों की रोशनी ने जहां एक ओर अल्बर्ट हॉल की भव्यता को बढ़ाया, वहीं पटाखों की आवाज ने भी शहरवासियों को उत्साह और जोश से भर दिया। इससे पहले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोक कलाकार श्री तगाराम भील एवं श्री अनवर खां मांगणियार का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और अन्य कलाकारों का भी हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा, गणमान्यजन सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर निकाली भगवा रैली

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में हिंदू नववर्ष पर गुरुवार को विभिन्न हिन्दू संगठनों व युवा शक्ति द्वारा भगवा रैली का आयोजन किया गया। भगवा रैली में दुपहिया वाहनों सहित पैदल युवक हाथ में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम के नारे लगाते हुए डीजे की धुनों पर झूमते नजर आए। रानी लक्ष्मीबाई व राम दरबार सहित विभिन्न झांकियां आकर्षक का केंद्र रही। जय श्री राम के नारों से शहर भगवामय हो गया। भगवा रैली तालवाले बालाजी मंदिर से रवाना होकर अशोक स्तंभ होते हुए शहर के चारों बाजारों से होती हुई अपने गंतव्य स्थान पहुंची। इस दौरान भगवा रैली का रास्तों में व्यापारियों ने जगह.जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। डीजे साउंड की धुनों पर बज रहे देशभक्ति के गीतों के साथ थिरकते हुए चल रहे नवयुवक हाथों में थामे भगवा झंडा को लहरा रहे थे। पंक्तिबद्ध जय श्रीराम के उद्घोष के



साथ चल रहे युवा विशाल रैली का नगर के मुख्य बाजारों में व्यापारियों एवं आमजन द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। युवाओं के देशभक्ति उद्घोष से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। पुलिस प्रशासन की माकुल व्यवस्था रही।

# अधिवक्ताओं का सम्मान, लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य पर सराहना

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू एवं जिला अभिभाषक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सूचना केंद्र सभागार में लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री काउंसलिंग के दौरान मामलों के निपटारे में बेहतरीन योगदान देने पर अधिवक्ता रजत आबूसरिया एवं अधिवक्ता नवीन सैनी को सम्मानित किया गया। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग से ही झुंझुनू जिला लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण में प्रदेशभर में शीर्ष स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विशिष्ट



अतिथि के रूप में शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ घासीराम वर्मा ने कहा कि अधिवक्ता अपने उत्कृष्ट कार्य के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास में निरंतर योगदान देते रहें। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष रतन मोरवाल ने आयोग के कार्यों की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह एवं समाजसेवी विजय गोपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता योगेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता डीपी वर्मा, कमल शर्मा, फूलचंद सैनी, बजरंग लाल, मुकेश कुमार सिंह, लक्ष्मी चौधरी, लक्ष्मीकांत, मंजू, सुनील सेवदा, ओमप्रकाश सैनी, तेजवीर, विजेन्द्र बिशू, करण, मौहम्मद आमिर, अमजत अली, आरती कुमावत, मुकुल, स्वीटी चौहान सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# निःशुल्क मातृत्व सेवाओं के लिए डॉ. गुलशन बानो का सम्मान

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )** स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ गुलशन बानो को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निःशुल्क सेवाएं प्रदान करने पर गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस समारोह में सीएमएचओ ने कहा कि डॉ बानो द्वारा गर्भवती महिलाओं को हर माह 9, 18 और 27 तारीख को दी जा रही निःशुल्क सेवाएं बेहद प्रेरणादायी हैं, जिससे अन्य निजी चिकित्सकों को भी प्रेरणा मिलती है। उल्लेखनीय है कि डॉ गुलशन बानो हर माह 9 तारीख को सीएचसी नूआं, 18 को पीएचसी धनुरी तथा 27 को सीएचसी इस्लामपुर में आयोजित सत्रों में अपनी सेवाएं निःशुल्क देती हैं।

इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ अरुण अग्रवाल, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांभू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में निजी गायनी विशेषज्ञ डॉ मीनाक्षी जांगिड़ और डॉ प्रियंका चौधरी को भी निःशुल्क सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# दीक्षा महोत्सव आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की वैष्णव पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में गुरुवार को नव संवत्सर पर राजभोग झांकी के साथ विक्रम संवत् का वार्षिक पंचांग विधिवत् रूप से ठाकुर जी श्री राधा सरस विहारी जू सरकार के श्रीचरणों में समर्पित किया गया। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक दीक्षा महोत्सव मनाया जाएगा। ठाकुरजी की पुष्पों से झांकी सजाकर बधाई गायन होगा। विशेष रूप से आचार्य महाप्रभु के दीक्षा प्राप्त करते हुए छाया चित्र का पूजन किया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने ली समीक्षा बैठक

# एलपीजी और पेयजल आपूर्ति पर रहा विशेष फोकस

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की बजट घोषणाओं, उनके क्रियान्वयन, विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं समसामयिक समस्याओं के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि नहरबंदी से पहले गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी ब्लॉक में टैंकर या हैंडपंप की आवश्यकता होने पर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पेयजल आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित न हो।

### बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

मंत्री गहलोत ने गत वर्षों की बजट घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सैनेटरी नेपकिन की सप्लाई व्यवस्था को सुचारू रखने पर जोर दिया गया।

### सड़कों की मरम्मत और जनप्रतिनिधियों से संवाद के निर्देश

प्रभारी मंत्री ने आगामी मानसून से पूर्व क्षतिग्रस्त सड़कों की अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने और उनके मार्गदर्शन में कार्य करने को कहा। बीते दो वर्षों की बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन पर संतोष जताते हुए जिला प्रशासन को शाबाशी भी दी।

### राजस्थान को जानें क्विज में जिले को मिली प्रथम रैंक

राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित प्राजस्थान को जानें क्विज में झुंझुनू जिले के प्रथम स्थान पर रहने पर प्रभारी मंत्री ने बधाई दी। उल्लेखनीय है कि जिले से 48 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया, जबकि जयपुर जिले से 36 हजार से अधिक प्रतिभागियों के साथ द्वितीय स्थान रहा।

**एलपीजी आपूर्ति को लेकर पैनिक नहीं करने की अपील**-बैठक में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़ को सप्लाई चेन बनाए रखने और कालाबाजारी पर सख्त





कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने आमजन से अपील की कि गैस आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार का पैनिक न करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपूर्ति व्यवस्था सुचारू है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

**सौर ऊर्जा उत्पादन पर संतोष**-मंत्री गहलोत ने जिले में सौर ऊर्जा उत्पादन की प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया।

**बैठक में ये मौजूद रहे**-खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व उप जिला प्रमुख बनवारीलाल सैनी, विशंभर पूनिया, राजेश दहिया, एएसपी फूलचंद मीणा, जिला परिषद सीईओ कैलाश यादव, एडीएम अजय कुमार आर्य समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कोबरी-सार



# कड़वासरा की ढाणी से चिड़ासन मार्ग बदहाल

## नौ साल से नहीं हुई सुध, ग्रामीणों ने उठाई पुनर्निर्माण की मांग



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के कड़वासरा की ढाणी से चिड़ासन तक जाने वाली मुख्य सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। करीब चार किलोमीटर लंबा यह मार्ग कई जगहों से पूरी तरह टूट चुका है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग नौ साल पहले बनी इस सड़क की तब से लेकर अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।

### मिसिंग लिंक और गहरे गड्ढे बने मुसीबत

स्थानीय निवासियों के अनुसार यह सड़क क्षेत्र के आवागमन के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। चार किलोमीटर के इस टुकड़े में डामर का नामोनिशान मिट चुका है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यह मार्ग एक मिसिंग लिंक की तरह अधूरा और उपेक्षित पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को लंबे चक्कर काटकर गंतव्य तक पहुँचना पड़ता है।

### प्रशासनिक उपेक्षा से ग्रामीणों में रोष

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद से विभाग द्वारा इसकी मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पिछले नौ वर्षों में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क की खस्ताहाल हालत के कारण न केवल निजी वाहन बल्कि आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस को भी गाँव तक पहुँचने में देरी होती है।

### पुनर्निर्माण की पुरजोर मांग

सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर आवाज उठाई है। किशनलाल, महेंद्र, नाथाराम, नरेश महला और संदीप महला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस चार किलोमीटर के मार्ग का जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की सुध नहीं ली गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# योग साधकों ने मनाया हिन्दू नववर्ष



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 योग साधकों ने पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में लगातार 51 सूर्यनमस्कार का अभ्यास कर हर्षोउल्लास से मनाया। इस अवसर पर योग शिक्षक पवन कुमार ने प्रीति शर्मा को प्रतीक चिन्ह एवं शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक को यज्ञ मंजूषा प्रदान कर अभिनन्दन किया गया एवं सभी योग साधको की तरफ से हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रारम्भ में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ववलन कर योग क्लास का शुभारम्भ किया। इस अवसर शुभकरण चौधरी के अलावा डॉ सम्पत बारूपाल, संजय अग्रवाल, प्रीति शर्मा, रजनी जिनोलिया, सुमित्रा खालिया, शबाना खान, मीना अग्रवाल, मनीराम कुल्हरी, ललित मीणा, ओमप्रकाश मीणा, रामनिवास जिनोलिया, प्रमोद डांगी, जीतेन्द्र टीबड़ा, चिंटू डांगी मनीराम खालिया भी उपस्थित थे।

# नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में नवरात्रि के अवसर पर लोगों ने सवेरे शुभ मुहुर्त में घरों में घट स्थापना की। इस, दौरान मंदिरो को भव्य रूप से सजाया गया। लोगों ने मां शक्ति की विशेष आराधना कर सुख समृद्धी की कामना की। इसके साथ ही सवेरे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मन्नतें मांगी। अब नौ दिन तक घरों और मंदिरों में प्रतिदिन मां के विभिन्न रुपों की पूजा होती है। नवरात्रि पर पूरे नौ दिन पुजा की जाएगी। पपुरना स्थित मनसा माता मंदिर, भोपालगढ़ सती माता मंदिर, महाराणा माता मंदिर, वराही देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रृद्धालुओं की ओर से पुजा अर्चना की जा रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के पूजा के साथ उन्हें 9 दिनों तक विशेष चीजों का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और धनए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती है। पंडित चेतन प्रकाश शर्मा का कहना है कि मान्यता है कि नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं।

यहां वे नौ दिनों तक वास करते हुए भक्तों की साधना से प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। नवरात्रि पर देवी दुर्गा की साधना और पूजा-पाठ करने से आम दिनों के मुकाबले पूजा का कई गुना ज्यादा फल की प्राप्ति होती है। भगवान राम ने भी युद्ध में विजय के लिए देवी की साधना की थी। इस मौके पर पंडित चेतन शर्मा, अजय सुरोलिया, विक्की सोनी, देवेंद्र गुप्ता, सीताराम गुप्ता, रवि गुप्ता, रामानंद सेन, रामजीलाल गुर्जर, रमेश चंद गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# भोपालगढ़ फोर्ट मार्ग पर गेट लगाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी ट्रस्ट द्वारा भोपालगढ़ फोर्ट पर जाने वाले रास्ते पर गेट लगाकर अवरोध किए जाने के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के सामने धरना भी शुरू कर दिया है। विरोध कर रहे लोगों ने बताया कि यदि दस दिन में प्रशासन ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। विरोध कर रहे लोगों ने बताया कि भोपालगढ़ फोर्ट का रास्ता आमजन की आवाजाही के लिए खुला रहना चाहिए। मार्ग पर गेट लगाकर अवरोध खड़ा करना जनहित के खिलाफहै। उन्होंने कहा कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है। रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया थाए जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। खेतड़ी की राजसी संपत्ति के स्वामित्व को लेकर काफी समय से विवाद है। इसके बावजूद भी ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दिवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भोपालगढ़ किले पर लगाएं बेरिकेट्स को हटाकर सुचारु रूप से चालू करवाने, पूर्व में दर्ज करवाएं गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच करवाने, प्राचीन मंदिरों पर किए जा रहे कब्जे हटवाने, केवल वसियत में वर्णित संपत्ति ट्रस्ट को देनेए ट्रस्ट द्वारा खेतड़ी क्षेत्र में शिक्षा, छात्रवृत्ति और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि दस दिन में उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, गजेंद्र पारीक, राजेश सांखला, डॉ राघवेंद्र पाल, रामौतार वर्मा, हरमेंद्र चनानिया, चंदगीराम सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, ग्यारसी लाल, भूपेन्द्र सोढ़ा, गोकुलचंद मेहरड़ा, आनंद जैदिया, गजानंद कुमावत, विशंभर दयाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# अवैध हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योति नगर थाना क्षेत्र में स्थित अपैक्स मॉल में संचालित कोड ब्लैक रेस्टोरेंट पर पुलिस ने छापा मारकर अवैध हुक्का बार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रेस्टोरेंट से 11 हुक्के, 7 चिलम, 13 पाइप और फ्लेवर युक्त तंबाकू के 28 खुले डिब्बे जब्त किए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण, राजर्षि राज ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर 10 व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर हुक्का पीते हुए पाए गए। उनके खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रति व्यक्ति 200 रुपए का जुर्माना वसूला गया, जिससे कुल 2 हजार रुपए वसूल किए गए। रेस्टोरेंट के संचालक-मैनेजर खालिद खान 28, निवासी चिड़ावा, जिला झुंझुनू के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व ज्योति नगर थाना प्रभारी संतरा मीणा के निर्देशन में गठित टीम ने किया, जिसमें हेड कांस्टेबल जयराम के साथ राकेश, प्रहलाद और सतीश कुमार शामिल थे।

# एनएसएस शिविर में पौधों की सार संभाल की




निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पीएमश्री बाबा छोटू नाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठे दिन एनएसएस के स्वयंसेवकों ने प्रथम सत्र में बारिश के सुहावने मौसम में विद्यालय परिसर में पौधों की सार संभाल की छोटे पौधों की आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाये। प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने विशेष शिविर के दौरान स्वंयसेवकों द्वारा किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने पकौड़े बनाकर भोजन के पश्चात कार्यक्रम प्रभारी मनोज प्रजापत के नेतृत्व में गवारिया बस्ती में श्रमदान कार्य किया।

अमावस्या के पावन अवसर पर गंगा गौशाला में गायों को स्वयंसेवकों ने गुड़ खिलाया और गौशाला में श्रमदान करने के पश्चात गौशाला स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन किये।

इस दौरान राकेश लीलड़, सुरेश डेलू, नरेंद्र, भोमाराम भी साथ रहे।

# आमेर शिला माता मंदिर में घटस्थापना के बाद श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर सहित प्रदेशभर में चैत्र नवरात्र गुरुवार से श्रद्धा और आस्था के साथ प्रारंभ हो गए। राजधानी के मंदिरों में सुबह विधीवत घटस्थापना की गई। इसी क्रम में आमेर के शिला माता मंदिर में सुबह 7:05 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घटस्थापना की गई। जिसके बाद सुबह 8:15 बजे से भक्तों के लिए दर्शन शुरू कर दिए गए। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा.अर्चना की गई। दूर.दूर से आए श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर, दंडवत करते हुए माता के दरबार में पहुंचे और मनोकामनाएं मांगीं। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर के पुजारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जाएगा। पूर्व राजपरिवार की ओर से माता रानी को विशेष पोशाक अर्पित की जाती है तथा प्रतिदिन आभूषणों से अलंकरण किया जाता है। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन बाल भोग सुबह 8 से 8:15 बजे तक, प्रात: आरती सुबह 10 बजे, संध्या आरती शाम 6:45 बजे, रात्रि भोग शाम 7:45 से 8 बजे तथा शयन आरती रात 8:30 बजे होगी। वहीं दर्शन व्यवस्था के तहत पहले नवरात्र को सुबह 8:15 बजे से दर्शन प्रारंभ हुए, जबकि दूसरे नवरात्र से अंतिम नवरात्र तक दर्शन सुबह 6 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा शाम 4 बजे से रात 8:30 बजे तक होंगे। दोपहर 12:30 बजे से शाम 4 बजे तक मंदिर में दर्शन बंद रहेंगे। नवरात्र के दौरान छठे दिन विशेष मेला भरेगा। 25 मार्च को रात्रि 10 बजे निशा पूजन, 26 मार्च को अष्टमी पर शाम 4:30 बजे पूर्णाहुति तथा 28 मार्च को दशमी के दिन सुबह 10:30 बजे नवरात्र उत्थापन किया जाएगा। इधर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आमेर महल प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। महल अधीक्षक राकेश छोलक के अनुसार 28 मार्च तक रात्रिकालीन पर्यटन और हाथी सवारी बंद रहेगी। पर्यटक हाथी गांव में हाथी सवारी का लाभ ले सकेंगे। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त होमगार्ड तैनात किए गए हैं तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। चिकित्सा सुविधा के लिए डॉक्टरों की टीम भी तैनात की गई है। नवरात्र के दौरान आमेर महल में सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे तक पर्यटकों का प्रवेश रहेगा तथा टिकट बुकिंग की व्यवस्था सिंहपोल गेट पर की गई है। नवरात्र के अवसर पर शिला माता मंदिर में विशेष मेले जैसा माहौल बना हुआ है, जहां श्रद्धालु आस्था और विश्वास के साथ माता के दर्शन कर रहे हैं।

# स्वयंसेवकों ने पार्क में किया श्रमदान

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पपुरना की पीएमश्री शहीद भगवान सिंह राउमावि द्वारा चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन गुरुवार को केसीसी के न्यू मार्केट पार्क में स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। पार्क के आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई और पौधों में पानी डालकर पर्यावरण संरक्षण करने एवं व्यापारियों को कचरा कचरे दान में डालने का संदेश दिया गया। शिविर प्रभारी अभयसिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सेवा भाव विकसित करना है। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। दुकानदारों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि श्रमदान सबसे बड़ा दान है क्योंकि इसमें व्यक्ति अपने समय, मेहनत और समर्पण से समाज की सेवा करता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियान न केवल आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं बल्कि युवाओं में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक चेतना भी विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमित रूप से थोड़ा-थोड़ा श्रमदान करे तो समाज में स्वच्छता और सकारात्मक बदलाव आसानी से लाया जा सकता है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने दुकान दुकान जाकर व्यापारियों को दुकान में डस्टबीन रखने एवं कचरे को कचरादान में डालने की अपील करते हुए बाजार के सौंदर्यकरण बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर राकेश कुमार, अनुराग शर्मा, सरजीत कुमार, श्रवण सैन सहित दुकानदार मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया निरीक्षण




निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जखोड़ा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उप जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल मीणा व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक महिपाल सिंह ने निरीक्षण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में चल रहे शिविर के दौरान निरीक्षणकर्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए स्वयंसेवकों को सुझाव दिए। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह डूडी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का महत्त्व बताया। कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार जांगिड़ ने मेरा युवा भारत थीम पर आधारित टास्क पूरे करवाए। इस अवसर पर स्टाफसदस्य राकेश कुमार, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समग्र विकास की भारतीय परंपरा को पुनर्जीवित करने का वृहद दस्तावेज है राष्ट्रीय शिक्षा नीति : शर्मा



निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मेघना शर्मा ने सरदारशहर के कमलादेवी गौरीदत्त मित्तल महिला पीजी महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय संस्कृति के संवर्धन की दिशा में एक पहल विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक ऐसा जीवंत दस्तावेज है जिसने समग्र विकास को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है। इससे नई पद्धति से शिक्षा प्राप्त पीढ़ी आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा करने की और उन्मुख होगी। डॉ. मेघना ने प्राचीन भारतीय इतिहास से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पढ़ा, जाने के औचित्य व प्रासंगिकता का वर्णन किया। इससे पूर्व डॉ. मेघना का विस्तृत परिचय मंच से उद्घोषिका डॉ. रश्मि गौड़ द्वारा पढ़ा गया। कॉन्फ्रेंस संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता, प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पारीक, और प्रबंधन पक्ष के महेश पंसारी द्वारा डॉ. मेघना को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रदर्शन किया गया।

मंचस्थ शिक्षाविदों में प्रो. योगेंद्र सिंह व डॉ. जी. डी. सिंह आदि शामिल रहे।



# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के रामकृष्ण मिशन परिसर में गुरुवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारभ किया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से कस्बे के मुख्य बाजार स्थित वराही देवी मंदिर में कलश पुजन के बाद रामकृष्ण मिशन तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रीमद् भागवत कथा का प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं चार बजे तक कथा वाचन हो रहा है, जबकि भजनों की अमृत वर्षा भी की जाएगी है। कथा का वाचन राजकोट के रामकृष्ण मठ के स्वामी गुणेशानंद महाराज द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा के दौरान स्वामी रामकृष्ण, स्वामी विवेकानंद व गुरु माता शारदा की प्रतिमा को नगर भ्रमण करवाया गया। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि खेतड़ी से स्वामी विवेकानंद का गहरा संबंध रहा है। रामकृष्ण मिशन द्वारा स्वामी विवेकानंद के आदर्श से आमजन को मुहैया करवाने का कार्य किया जा रहा है। कथावाचक स्वामी गुणेशानंद महाराज ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में जीव जंतुओं की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। बेजुबान जानवरों की सेवा करने से बहुत पुण्य मिलता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गौसेवा को सबसे बड़ी सेवा माना गया है। इसलिए गौसेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को भागीदारी निभानी चाहिए। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं और श्रद्धालुओं के लिए बैठने व प्रसाद की व्यवस्था की गई । इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाने के लिए एएसआई सुरेंद्र भारद्वाज, एएसआई धूडसिंह, ट्रैफिक एएसआई ज्ञान सिंह पंवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रामकृष्ण मिशन में कलश यात्रा पंहुचने के बाद उन्हें स्थापित कर भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर स्वामी योग युक्तानंद महाराज, स्वामी सुभंगानंद महाराज, स्वामी हरिहरानंद महाराज, स्वामी प्रसान्नतानंद महाराज, निर्भय राम शास्त्री, प्रदीप सुरोलिया, डॉ राघवेंद्र पाल, गोपाल राम सैनी, रमाकांत वर्मा, कालीचरण गुप्ता, सुधा सुरोलिया, ज्योति भारद्वाज, राजू यादव, हरमेंद्र राजोरिया, ग्यारसी लाल आदि मौजूद थे।

## विधि माप विज्ञान विभाग की कार्रवाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा आमजन के हितों और व्यापारिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण के दौरान बुधवार को नोखा में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने राजू फूड प्रोडक्ट्स नवरंग ब्रांड, नोखा जी फूड प्रोडक्ट, मां वैष्णव ज्वेलर्स पब्लिक पार्क के पीछे पर छापा मारकर जांच की। विधि माप विज्ञान अधिकारी दीपक पूनिया ने बताया कि कार्रवाई के तहत राजू फूड प्रोडेक्टस पर आवश्यक घोषणाओं की कमी पाई गई तथा तीनों फर्मों पर कुल चार इलेक्ट्रॉनिक कांटे असत्यापित पाए गए। तीनों फर्मो पर कुल ग्यारह हजार पांच सौ रुपए का चालान कर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए पाबंद किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के दक्षिण जिले में जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोडाला थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम दक्षिण डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से जुए की राशि और सट्टा सामग्री भी बरामद की है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि शहर में बढ़ते जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित कुमार शर्मा के निर्देशन और एसीपी सोडाला सुनील शर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में सोडाला थानाधिकारी बलवीर सिंह और डीएसटी प्रभारी विशम्भर दयाल के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर जाल बिछाया। जहां पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुएदिनेश निवासी चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर, पिंकी 33 निवासी राजीव नगर, हटवाड़ा रोड सदर, जयपुर पश्चिम और संगीता निवासी हटवाड़ा, राजू नगर सदर, जयपुर पश्चिम को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4900 रुपए की नकदी और जुआ खिलाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की है। पुलिस ने इनके खिलाफ13 आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नव संवत्सर पर भक्तों ने किया ठाकुरजी का भव्य स्वागत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नव संवत्सर के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और ठाकुरजी को नव वर्ष का पंचांग सुनाया गया। वहीं आराध्य देव श्री गोविंद देव जी मंदिर में नवसंवत्सर 2083 का स्वागत भक्तिमय माहौल और विशेष उत्सव के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर प्रशासन द्वारा ठाकुर जी की सेवा-पूजा और मंदिर की सजावट के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी के अनुसार नव संवत्सर के दिन मंगला झांकी के पश्चात ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस खास दिन पर प्रभु को लाल रंग की लप्पा पोशाक धारण कराई गई और विशेष अलंकार श्रृंगार से सजाया गया। धूप झांकी के दौरान महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी द्वारा ठाकुर जी को नव संवत्सर 2083 व्रतोत्सव भास्कर अर्पित किया गया। इसके बाद पुजारी ने नव संवत्सर का पंचांग पढ़कर ठाकुरजी को सुनाया। इसके बाद श्रृंगार आरती के पश्चात मंदिर परिसर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गज पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें सजे-धजे गजराजों को पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। गजराजों ने भी सूंड उठाकर अभिवादन किया। इसके साथ ही नूतन पचरंगा ध्वजा का पूजन कर उसे फहराया जाएगा। भक्तों ने ठाकुरजी के दर्शनों के साथ-साथ तिलक कर और रक्षा सूत्र बांधकर नव विक्रमी संवत्सर की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दी। मंदिरों में विशेष झांकियों और सजावट से माहौल और भी भव्य बन गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।

## संविदा नर्सेज कर्मियों ने पदयात्रा के बाद मंत्री मीणा के निवास पर दिया धरना



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में संविदा नर्सेज और पैरामेडिकल कर्मियों का आंदोलन गुरुवार को तेज हो गया। दौसा से जयपुर तक तीन दिवसीय पदयात्रा पूरी करने के बाद प्रदर्शनकारी मानसरोवर स्थित कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के निवास पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग नर्सेज भर्ती में मेरिट के साथ बोनस जोड़े जाने की है। उनका कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से लगातार अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के एकीकृत प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार मीणा ने बताया कि सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए दौसा से जयपुर तक पदयात्रा निकाली गई, जिसका समापन मंत्री निवास पर हुआ। प्रदर्शनकारी नर्सेज और पैरामेडिकल कर्मियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगाए तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रेत के धोरों और लोकपरंपराओं से है चूरू की पहचान : सहारण

नियं



**चूरू ( नवयत्न )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं राजस्थान स्थापना दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को चूरू महोत्सव-2026 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। गढ़ परिसर में स्थित राजकीय मंदिर गोपालजी मंदिर में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, बसंत शर्मा, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने पूजा-अर्चना की और जिले में खुशहाली की कामना के साथ ढफव नगाड़े पर थाप देकर चूरू महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी गोपालदास चौक में अतिथियों ने राजस्थानी लोकगीतों पर कदम थिरकाए और प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### विरासत कार्निवल यात्रा में ऊंट-घोड़ी ने दिखाई शानदार करतब

शुभारंभ अवसर पर गढ़ परिसर से सफेद घंटाघर, सुभाष चौक होते हुए बागला स्कूल खेल मैदान तक विरासत कार्निवल यात्रा निकाली गई।

यात्रा में ऊंट-घोड़ी ने शानदार करतब दिखाए। वहीं कच्छी घोड़ी व लोक नृत्य ने मन को आकर्षित किया और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और लोक वाद्यों की मधुर धुनों ने राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति को साकार किया। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणाए एडीएम अर्पिता सोनी, बसंत शर्मा, आयुक्त अभिलाषा सिंह आदि अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### कला मंच पर आयोजित हुआ शुभारंभ समारोह

इस अवसर पर बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कला मंच पर शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर व विधिवत घोषणा से चूरू महोत्सव का शुभारंभ किया। अतिथियों ने श्हस्ताक्षर कैनवास पर हस्ताक्षर कर चूरू की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ ऊँट सजावट के लिए देबूराम को प्रशस्ति . पत्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

### रेत के धोरों और लोक परंपराओं से है चूरू की पहचान

शुभारंभ समारोह में संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रेत के धोरों और लोक परंपराओं से है। चूरू महोत्सव 2026 का एक सांस्कृतिक आयोजन के साथ क्षेत्र की परंपराओं, लोक कलाओं और सामाजिक एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि चूरू की धरती वीरता, त्याग और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जानी जाती है। चूरू महोत्सव हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी संस्कृति को जीवित रखने में योगदान दें। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक विरासत, सद्भावना और परंपराओं का प्रतीक है तथा हमारी सांस्कृतिक जीवंतता का उत्सव है।

हमें गर्व है कि चूरू अपनी सांस्कृतिक पहचान को इतनी खूबसूरती से जीवंत रखे हुए है। चूरू की सांस्कृतिक व सामाजिक एकता, सामूहिक जिम्मेदारी और सकारात्मक ऊर्जा तथा जिला प्रशासन और आमजन के सहयोग से चूरू महोत्सव सफल होगा। बसंत शर्मा ने कहा कि चूरू महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जिले की सामूहिक भावना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है।

यह महोत्सव हमें हमारी ऐतिहासिक विरासत और महान विभूतियों की याद दिलाता है। राजस्थान स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर चूरू महोत्सव के आगाज से हम सभी संकल्प लें कि हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान पूर्व प्रधान दीपचंद राहड़, कोतवाल सुखराम चोटिया, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, मुकुल भाटी, धर्मेंद्र राकसिया आकाश सैनी, रचना कोठारी, सूर्यकांत चोटिया, राकेश शर्मा, रजत सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन बजरंग हर्षवाल व शिवकुमार शर्मा ने किया।

## माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा कल महेश्वरी भवन में गणगौर महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष लक्ष्मी तोषनीवाल एने बताया, कि सबसे पहले मैच वंदना के साथ दीप प्रजनन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई दीप प्रजनन में आशकरण भट्टड, सुरेश झंवर, युवा संगठन के अध्यक्ष केशव करवा, उमाशंकर मल, लालचंद राठी, नारायण लोहिया, श्याम सुंदर भट्टाड, दिनेश झंवर, अरविंद झंवर, संरक्षक उर्मिला तापड़िया राधामनी चितलंगी, द्वारा किया गया। शादी में मना, जाने वाली सभी रसों से गवर माता को जाया गया। जिसमें कुमकुम का कार्यक्रम उर्मिला, सोनू, प्रीती झवर एंड पार्टी वह हल्दी की रस्म करवा एंड पार्टी ने बहुत ही शानदार नृत्य द्वारा मनाया। मेहंदी में आशा लोहिया, सुनैना मंत्री और पार्टी, माहिरा में क्वीन एंड राठी ग्रुप एसंगीत में राखी, संतोष, वंदना, ललिता, द्वारा धूमधाम से मनाई गई। बारात सुषमा बजाज, सुरभि सोमानी द्वारा गवार ईश्वर की संजीव झांकी, में भावना मुंधड़ा व तनीषी राठी, के रूप में लाई गई।

मंच संचालन तनीषा मालानी, द्वारा किया गया, सास बहू कंपटीशन में किरण डागा, करिश्मा डागा, प्रथम सोनू मालानी, तनीषा मालानी, दीतय स्थान पर रहि, गणेश वंदना में वंदना राठी, द्वारा की गई 1 मिनट गेम में अनु राठी, कोमल परतानी, प्रथम स्थान पर रहे सचिव शांति मुद्रा, द्वारा आए हुए अतिथियों का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष सुनीता बाहेती, कोषाध्यक्ष मनीषा राठी, व महिला मंडल की नीतू लाहोटी विजेता लाहोटी, पिंकी सोनी, सरिता झंवर, सरिता चांडक, सरिता तापड़िया, जिला अध्यक्ष प्रिया राठी, सरोज राठी, सुषमा बजाज, श्वेता झंवर, किरण झंवर, अनु राठी, आदि अन्य व्यवस्था में लग रहे। निर्णायक मंडल में दुर्गा राठी, छवि लुणावत, शिवानी रहे। गवार के खोल भराई गई, व पूर्व अध्यक्ष राधामणी चितलंगी द्वारा समाज की गणगौर को नई पोशाक भेंट की गई। इस मोके पर सबसे अपील की की कृष्ण मंदिर में तीज पर गणगौर की सवारी निकलती है। उसमें समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग भाग ले। बजरंग लाल सोमानी द्वारा सभी पार्टिसिपेट में जो बच्चे गवरए ईश्वर एके रूप में आए उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। देश की धरोहर गीता जी की पुस्तक सभी मातृशक्ति को भेंट की गई। ग्रुप डांस में अनु राठी, कोमल परतानी, प्रथम स्थान पर रही। आई हुई मातृशक्ति का स्वागत शीतल पेयजल पदार्थ से किया, वह सभी ने हाईटी का आनंद लिया। कार्यक्रम में सभी मातृशक्ति में बहुत उत्सुकता दिखाई दी। समाज में बिगड़ते सास बहू के रिश्ते को नाटिका के रूप में उर्मिला तापड़िया, सुमन तापड़िया, सविता करवाए निधि करवाए ने किया। महिला मंडल का कोई कार्य हो पानी की व्यवस्था दिनेश झंवर द्वारा की जाती है।

## नव संवत्सर पर ठाकुरजी को सुनाया पंचांग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचंद्र जी में गुरुवार को नव दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव के अंतर्गत सिंजारा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी परिवार ने नव संवत्सर के दिन श्री ठाकुर जी को पंचांग सुनाकर शुभारंभ किया। मंदिर में महिला भक्त समाज ने पूरे दिन विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग गणगौर माता को अर्पित किया। प्रात: से ही मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन चल रहे थे और माता गणगौर को विशेष विधि से विहार कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उन्हें घेवर अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को करीब 6 बजे मंदिर भक्त समाज द्वारा गणगौर उत्सव एवं बधाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। आगामी 21 मार्च को श्याम भजन सेवा समिति की ओर से भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का हिस्सा है, बल्कि समाज में भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उत्सव को और भव्य बनाया।

## 21-22 मार्च को निकलेगी गणगौर माता की शाही सवारी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध गणगौर महोत्सव के तहत राजधानी जयपुर में 21 और 22 मार्च 2026 को गणगौर माता की भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी। यह सवारी सिटी पैलेस की जनाना ड्योढ़ी से शाम करीब 5:45 बजे शुरू होकर त्रिपोलिया गेट से होकर पारंपरिक मार्ग त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार से आगे बढ़ते हुए ताल कटोरा पहुंचकर संपन्न होगी। जहां माता को घेवर और फल का अर्पित करने के बाद गणगौर का विदा किया जाएगा। वहीं उसके अगले दिन 22 मार्च को सिटी पैलेस स्थित जनानी ड्योढी से बडी शान से बूढ़ी गणगौर की पारंपारिक सवारी शाही लवाजमे के साथ धूमधाम से निकलेगी। यह आयोजन पर्यटक विभाग, जिला प्रशास, महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय सक्रहालय ट्रस्ट और नगर निगम जयपुर की ओर से आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के अनुसार इस बार गणगौर की शाही सवारी को और अधिक आकर्षक व भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। शोभायात्रा में पारंपरिक हाथी, घोड़े और ऊंट के साथ शाही पोशाक में सजी माता गौरी की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस आयोजन में सैकड़ों लोक कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। सजी-धजी पालकियों, लवाजमे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों के बीच पूरी सवारी एक अद्भुत नजारा पेश करेगी। इस बार भी शोभायात्रा में कई अतिरिक्त हाथी, घोड़े, सजे-धजे ऊंट और विक्टोरिया बग्गियां भी शामिल की गई। जो इसकी भव्यता को और बढ़ाएंगी। साथ ही शोभायात्रा के दौरान माता गणगौर की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की जाएगी। जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहेगा। पर्यटन विभाग ने देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था भी की है, ताकि वे इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयोजन का भरपूर आनंद उठा सकें। संयुक्त शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग दाताराम ने बताया कि गणगौर मेले के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से 21 मार्च शनिवार को जयपुर शहर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थानों के लिए आधे दिन का अवकाश घोषित किया जा चुका है। यह अवकाश दोपहर 1:30 बजे से प्रभावी रहेगा। गौरतलब है कि गणगौर महोत्सव राजस्थान की आस्था, परंपरा और संस्कृति का प्रमुख प्रतीक है, जिसे हर वर्ष बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस बार भी यह आयोजन जयपुर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा।

## राजस्थान दिवस पर स्मारकों में उमड़ी भीड़, पर्यटकों का राजस्थानी अंदाज में स्वागत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में राजस्थान दिवस के अवसर पर गुरुवार को विशेष कार्यक्रमों की धूम रही। इस मौके पर राज्य के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में पर्यटकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रखा गया, जिससे विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे।

जिसके चलते आमेर महल, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय, हवा महल, नाहरगढ़ किला और जंतर-मंतर सहित अन्य स्थलों पर देशी-विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों का पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। पर्यटक स्थलों पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाकारों ने कच्ची घोड़ी नृत्य, कठपुतली नृत्य और शहनाई वादन जैसी प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर पर्यटक भी झूमते नजर आए और कार्यक्रमों का आनंद लिया। आमेर महल के अधीक्षक राकेश छोलक ने बताया कि राजस्थान दिवस और नवरात्र के प्रथम दिन के चलते पर्यटकों के साथ श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या रही। भीड़ को देखते हुए महल प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं कीं और सुरक्षा के लिए जगह-जगह होमगार्ड के जवान तैनात किए गए। सिंहपोल द्वार पर पर्यटकों का तिलक और माला से स्वागत किया गया। वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा ने बताया कि 30 मार्च 1949 को राजस्थान का एकीकरण हुआ था और इसी दिन राज्य अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, जहां किले-महल के साथ शौर्य और बलिदान की गौरवशाली परंपरा भी देखने को मिलती है। इस बार चैत्र मास के प्रथम दिन राजस्थान दिवस मनाया जाना एक सकारात्मक पहल है। पर्यटकों ने आमेर महल के दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, शीश महल और मानसिंह महल सहित ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर सराहना की। राजस्थान दिवस पर सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की सैलानियों ने खुलकर प्रशंसा की।

## रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई ने बिगाड़ा बजट

### नगर कांग्रेस कम ने केंद्र सरकार को घेरा

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के विरोध में गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना द्वारा कड़ा विरोध जताया गया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी ने किया, जबकि संयोजन कांग्रेस अनुसूचित जाति बुहाना ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया ने संभाला। बैठक के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। नगर अध्यक्ष डी पी सैनी ने कहा कि आज आम आदमी महंगाई की मार से त्रस्त है और गैस सिलेंडरों महंगाई एवं किल्लत ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। भाजपा की कुनीतियों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सरकार की विफलताएं बताने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। विरोध प्रदर्शन और बैठक के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से सिंघाना नगर अध्यक्ष डीपी सैनी, कांग्रेस अनुसूचित जाति बुहाना ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया, नगर उपाध्यक्ष लक्की शर्मा, इकबाल खान, महासचिव रवि मीणा, सचिव सुरेश कुमार, ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीराम, ब्लॉक संगठन महामंत्री रवींद्र रॉकी, कार्यालय प्रभारी महावीर सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी रणजीत, मीणा समाज जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार मीणा, अध्यक्ष सुभाष मीणा, छाजू राम सैनी, रतनलाल, घीसाराम, महिपाल, अमन, विक्रम सिंह, मैक्स नायक, दिनेश सैनी, दीपक, जितेंद्र एवं मदन लाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर तबादले संसद में तकरार




विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण अथवा उन्हें उनके वर्तमान पदों से हटाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले से यही पता चलता है कि सरकारों और नौकरशाही में किस तरह मिलीभगत हो जाती है। चूंकि भाजपा शासित असम में भी अधिकारियों को हटाया गया है, इसलिए इस आरोप के लिए कोई स्थान नहीं बचता कि चुनाव आयोग एकतरफा कार्रवाई कर रहा है, पर ऐसे आरोप सामने आएंगे ही। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने बंगाल में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादलों को लेकर अपना गुस्सा संसद में निकाला। इसकी कहीं कोई आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि इन तबादलों का भारत सरकार से कोई लेना-देना नहीं, लेकिन विपक्ष की चुनाव आयोग पर पक्षपाती होने के आरोप लगाने की आदत हो गई है। वास्तव में इसी आदत के चलते तृणमूल कांग्रेस की अगुआई में विपक्ष की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की पहल की गई है। संकीर्ण राजनीति प्रेरित इस पहल से यह सच्चाई बदलने वाली नहीं है कि बंगाल उन राज्यों में अग्रणी है, जहां अनेक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर काम करते दिखते रहे हैं। इसके कई उदाहरण भी सामने आ चुके हैं। वास्तव में इसीलिए चुनाव आयोग को वहां के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी के साथ दर्जनों पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी हटाने पड़े हैं। लोकसभा चुनाव के समय भी बंगाल में कई अधिकारियों को हटाया गया था। इनमें बंगाल के तत्कालीन डीजीपी भी थे। चुनाव बाद ममता बनर्जी ने उन्हें फिर से पुलिस प्रमुख बना दिया था। अभी हाल में उन्होंने उन्हें राज्यसभा भेजा। ऐसे मामले नए नहीं हैं। कई बार तो नौकरशाह इस्तीफा देकर या फिर वीआरएस लेकर सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। इस तरह के प्रसंग यही बताते हैं कि नौकरशाही का किस तरह राजनीतिकरण हो गया है। नौकरशाही के राजनीतिकरण के लिए किसी दल या सरकार विशेष को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इतना तो है ही कुछ राज्यों में यह हद से ज्यादा बढ़ गया है। नौकरशाही का राजनीतिकरण अथवा सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों की ओर से नौकरशाहों के समक्ष अपने दल के सदस्य के तौर पर काम करने की परिस्थितियां पैदा करने से प्रशासनिक तंत्र का अवमूल्यन ही हो रहा है। यह ठीक नहीं कि जिन अधिकारियों से यह अपेक्षित होता है कि वे नियम-कानूनों के प्रति निष्ठावान रहें, वे जनता की सेवा करने के स्थान पर दल विशेष की सेवा करते दिखते हैं। जब ऐसा होता है तो शासन-प्रशासन की ओर से जनता के हितों की उपेक्षा ही होती है। नौकरशाही के राजनीतिकरण के लिए जितने जिम्मेदार नौकरशाह हैं, उतने ही राजनीतिक दल भी।

## विशेष आलेख

# वैश्विक दबंगई देखने को लाचार संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशन्स की असफलता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी 1920 को स्थापित लीग ऑफ नेशन्स पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के जरिए विश्व शांति बनाए रखना था।**



ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठा है। दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया। चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्र डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों और जगतगति से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखत हैं। इसलिए ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभाई।

लीग ऑफ नेशन्स का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के बीच के विवादों को सुलझाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर निरस्त्रीकरण को अमली-जामा पहनाना रहा। लेकिन जिनेवा में स्थित वह संस्था ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसकी नाकामी के चलते जर्मनी और जापान ने विस्तारवादी नीतियां ना सिर्फ अपनाईं, बल्कि रोजाना नए-नए राष्ट्रों पर कब्जा और हमला करने लगे। इसके बाद जो हुआ, वह विश्व इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है। बेशक लीग ऑफ नेशन्स को 20 अप्रैल 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, लेकिन इसके पहले ही 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गई। इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी अणुबम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनिया भर में शांति बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। इसके साथ ही उसका एक और मकसद, राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म-निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा।

उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने और प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है। इसके साथ ही उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए प्रयास करने की भी है।

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की हालत सड़क के किनारे बैठे उस असहाय व्यक्ति जैसी हो गई है, जो सड़क पर जारी मारपीट को असहाय भाव से टुकुर-टुकुर देखते को मजबूर रहता है।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का सबसे प्रमुख उद्देशय युद्धों को रोकना है। लेकिन ना तो यह शीत युद्ध को रोक सका, ना ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है। 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था। 2001 में भी जार्ज बुश के बेटे जूनियर जार्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ओट ली थी। 1994 का रवांडा का नरसंहार हो या फिर 2011 में दक्षिण सूडान में हुआ गृहयुद्ध, 1995 में सर्ब सेना द्वारा बोस्निया में किया गया नरसंहार हो या फिर 2010 के दौरान हुई कथित अरब क्रांति की आड़ में हुई मध्य एशिया की हिंसा, किसी को भी रोकने में संयुक्त राष्ट्र अभियान सफल नहीं रहे।

संयुक्त राष्ट्र का मंच राष्ट्रों के बीच संवाद बढ़ाने और विवादों को सुलझाने के बजाय,उनके बीच गाली-गलौज और आपसी आलोचना का केंद्रभर बनकर रह गया है। अभी संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख और ताकतवर अंगर सुरक्षा परिषद है। इसका गठन ही गैरबराबरी को बढ़ावा देने का बड़ा आधार बन गया है। इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पॉवर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं। अमेरिका, चीन और रूस की ज्यादातर भूमिका नकारात्मक रहती है। रही बात ब्रिटेन और फ्रांस की तो उनकी भूमिका मध्यमार्गी है। हालांकि वे भी महत्वपूर्ण मसलों में सीधे हस्तक्षेप करने की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा नहीं सकते। इसका ही असर है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने हमला कर रखा है और रूस एवं यूक्रेन के बीच चार साल से युद्ध जारी है। मानवाधिकार के मुद्दों पर भी संयुक्त राष्ट्र प्रभानवी नजर नहीं आता। कोविड महामारी के दौरान जिस तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के साथ पक्षपात पूर्ण भूमिका निभाई, वह भी संयुक्त राष्ट्र की नाकामी प्रतीक है।

जब से ट्रंप ने अमेरिका की दोबारा कमान संभाली है, तब से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को और ज्यादा पंगु करने की कोशिश की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र के कई अंगों में अपनी आर्थिक भागीदारी और सहयोग उन्होंने घटाना शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के मंचों के जरिए अमेरिकी करदाताओं की बड़ी रकम बेकार के कामों में खर्च हो रही है, जिसका अमेरिका को सीधे फायदा नहीं मिलना है। ऐसे में आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र की स्थिति और भी ज्यादा निरीह होने वाली है। ऐसे में अगर दुनिया के देश संयुक्त राष्ट्र के औचित्य पर ही सवाल उठाने लगें तो दुनिया को हैरत नहीं होनी चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### वृष
प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

### मिथुन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

### कर्क
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

### सिंह
कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या
फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा।

### तुला
एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### धनु
कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

### मकर
विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### कुंभ
नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

### मीन
घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# करना है वेट लॉस तो जरूर खाएं पाइनएप्पल

अधिकतर लोग मानते हैं कि वजन कम करने के लिए उन्हें उबला हुआ और बेस्वाद खाना ही खाना पड़ेगा। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आप समझदारी से अपनी फूड च्वॉइस चुनते हैं तो इससे आप अपने टेस्ट बड का ख्याल रखते हुए भी वेट लॉस कर सकते हैं। पाइनएप्पल भी एक ऐसा ही फल है, जो खाने में बेहद ही टेस्टी होता है। इतना ही नहीं, अगर इसे डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है।



### कैलोरी होती है कम
पाइनएप्पल में किसी भी अन्य स्नैक की तुलना में कैलोरी कंटेंट काफी कम होता है और इसलिए इसे मिड-मील्स में खाना काफी अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हालांकि, इसका सेवन करते समय आपको पोर्शन का ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

### रखे हाइड्रेटेड
अनानास में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर और पानी होता है, जिसके कारण यह आपको ना केवल फुलर होने का अहसास करवाता ह, बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी मेंटेन रखता है। जब आपका शरीर ठीक से हाइड्रेटेड होता है, तो यह आपकी भूख को नियंत्रित करता है और आपको अत्यधिक खाने से रोकता है।

### पाचन में मददगार
पाइनएप्पल में ब्रोमेलैन प्रोटीन के अणुओं को तोड़ने के साथ-साथ पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। जिससे पाचन बेहतर तरीके से होता है। जब पाचन बेहतर होता है तो इससे मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और आपको अतिरिक्त किलो वजन कम करने में मदद मिलती है।

### प्रचुर मात्रा में होता है फाइबर
पाइनएप्पल में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं। जिसके कारण जब इसका सेवन किया जाता है तो यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखने और तृप्ति की भावना पैदा करते है। जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

### बैली फैट को कम करने में सहायक
आपको शायद पता ना हो, लेकिन पाइनएप्पल बैली फैट को कम करने में बेहद सहायक है। दरअसल, इसमें प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं और यह पेट की चर्बी को टारगेट करता है। इसमें ब्रोमेलैन नामक एक प्रोटीयोलाइटिक एंजाइम होता है जो प्रोटीन के बेहतर पाचन और उपयोग में मदद करता है। इस प्रकार, यह पेट की चर्बी को कम करने में भी मदद करता है।

# रोजमेरी ऑयल में बादाम तेल मिक्स करके लगाने से दूर होंगी बालों की यह समस्याएं



बालों की समस्या से हर कोई दो-चार होता है। सबके लिए इसकी वजहें अलग-अलग हो सकती हैं। किसी का खानपान इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है, किसी का स्वास्थ्य, तो किसी की लाइफस्टाइल। लेकिन अगर आप एक-साथ कई तरह की हेयर प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं, तो इसके लिए आपको एक ऐसा उपाय अपनाना चाहिए, जो आपके बालों पर कारगर तरीके से काम करे। ऐसे में, आप रोजमेरी और बादाम तेल का मिश्रण अपने बालों में लगा सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलेंगे।

### बादाम-रोजमेरी तेल से होती हेयर ग्रोथ
रोज़मेरी ऑयल में कार्नोसिक एसिड पाया जाता है। रोजमेरी में इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं, जो ब्लडसर्कुलेशन को बेहतर बनाती है, जिससे हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है। इसी तरह बादाम तेल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन पाया जाता है। ये तमाम तत्व हेयर ग्रोथ में मदद करते है। इसके अलावा, ये दोनों ही तेल बालों को सीजनल समस्याओं, जैसे ड्राईनेस और खुजली से बचाने में भी मदद करते हैं।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बाल होते हैं मजबूत
जब आप बादाम और रोजमेरी तेल को आपस में मिक्स करके अपने सिर में अप्लाई करते हैं और इससे अच्छी तरह अपने स्कैल्प की मसाज करते हैं, तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से बालों को मजबूती मिलती है। अच्छे रिजल्ट के लिए आप बादाम और रोजमेरी ऑयल को करीब दो घंटे तक बालों में लगाए रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें। ऐसा सप्ताह में दो बार करें।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों का झड़ना कम होता है
मौसम बदलते ही बालों के झड़ने की समस्या बहुत आम हो जाती है। ऐसे में अगर आप हेयर फॉल को रोकने के लिए सूटेबल शैंपू और ऑयल का इस्तेमाल न करें, तो इससे बालों के झड़ना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोजमेरी ऑयल को शैंपू में मिलाकर सिर में अप्लाई करने से हेयर फॉल रुकता है और गंजेपन की शुरुआत होने के दौरान रोजमेरी का इस्तेमाल किया जाए, तो आपको इसका फायदा मिल सकता है।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों शाइनी होते हैं
अगर आपके बाल रूखे और बेजान नजर आते हैं, तो ऐसे में आप बादाम तेल में रोजमेरी ऑयल मिक्स करके लगा सकते हैं। इन दोनों तेलों को मिक्स करके अपने बालों में लगाना बहुत आसान यही। आपको सिर्फ इतना करना है कि दोनों तेलों को पहले सामान मात्रा में मिक्स कर लें। अब अपनी हथेली में तेल लें, हाथो को आपस में रब करें और अब दोनों हाथों से सिर की मसाज करें। इससे स्कल्प की मसाज होगी, जिससे बालों पर भी असर पड़ेगा। नियमित रूप से इस तरह दोनों तेलों का इस्तेमाल किया जाए, तो बालों की चमक बढ़ेगी।



# जायफल तेल के इस्तेमाल से शरीर को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

जायफल हर किचन में पाए जाने वाला मसाला है। इसकी खूशबू काफी शानदार होती है। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ इसका इस्तेमाल स्वाद को मीठा करने के लिए भी किया जाता हैं। इसका प्रयोग आमतौर पर दाल, पुलाव, हलवा, बर्फी, लड्डू, बिरयानी और सूप बनाने में किया जाता है। जायफल के साथ इसका तेल भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह तेल पतला और हल्के पीले रंग का होता है, जो शरीर की कई समस्याओं को दूर करता हैं। इसके तेल के इस्तेमाल से शरीर का दर्द दूर होने के साथ यौन शक्ति भी बढ़ती है। इस तेल में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, फोलेट, प्रोटीन, विटामिन ए और विटामिन सी। यह स्वाद में तीखा होने के साथ शरीर को हेल्दी रखता है। यह तेल शरीर को डिटॉक्स करके विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकालता हैं। इस तेल को कई चीजों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**भूख बढ़ाएं :** जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है। कई लोगों को भूख न लगने की समस्या होती है। इस समस्या के कारण कई बार वह ठीक से खाना नहीं खा पाते। ऐसे में जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है।

**सांसों की दुर्गंध दूर करें :** जायफल तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं, जो सांसों की बदबू को दूर करने के साथ बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। यह तेल मसूड़ों की सूजन से राहत देता है और दांतों को हेल्दी रखता हैं। जायफल का तेल दांत में होने वाले दर्द को भी आसानी से दूर करता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** जायफल का तेल स्किन में होने वाली समस्याओं को भी दूर करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मुँहासे, दाग- धब्बे, असमान त्वचा टोन, ड्राई स्किन और त्वचा को चमकदार बनाता हैं। यह स्किन को पोषण देकर नेचुरल तौर पर स्किन की समस्याओं को ठीक करता हैं।

**यौन शक्ति बढ़ाएं :** जायफल की खूशबू बहुत तेज होने के साथ यह महिला और पुरुष दोनों में यौन शक्ति को बढ़ाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इस तेल की 3 से 4 बूंद को पानी में मिलाकर नहाएं।

# नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान झूलेलाल

## शोभायात्रा में 51 झांकियां होगीं सम्मिलित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सिंधी समुदाय के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व चेटीचंड का उत्सव इस वर्ष 20 मार्च 2026 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र शुक्ल द्वितीया तिथि को भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव होता है। इतिहास के अनुसार, इस दिन भगवान झूलेलाल सिंध प्रांत में हिंदुओं की रक्षा के लिए अवतरित हुए थे। चेटीचंड का शाब्दिक अर्थ है श्चैत्र मास का चांद और इस दिन का चंद्र दर्शन अत्यंत शुभ माना जाता है। सिंधी समुदाय द्वारा पूरे विश्व में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व में जयपुर में भी कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मंदिरों में पूजा-अर्चना और श्रृंगार

अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी ने बताया कि शहर के झूलेलाल मंदिरों में प्रात:काल भगवान झूलेलाल का पंचामृत अभिषेक होगा और उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे। ऋतु पुष्पों से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा और मीठे चावल, छोले और हलवे का भोग लगाया जाएगा। मंदिर के शिखर पर लाल ध्वजा फहराई जाएगी और दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। महिलाएं हाथ में चावल, चीनी और जल लेकर प्रार्थना करेंगी। इसके साथ ही सिंधी शहनाई और ढोल की धुन पर छेज लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बच्चों के जनेऊ संस्कार और मुंडन संस्कार भी सम्पन्न होंगे।

### शोभायात्रा और सिंधी सपूत सम्मान

महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि चौगान स्टेडियम से दोपहर 2:00 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक नंदलाल लालवानी ने कहा कि अमरपुरा दरबार के संत मोने रामजी महाराज और संत मंडली ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। इसी अवसर पर समाज के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले को सिंधी सपूत 2026 की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### झांकियों की रौनक

पखवाड़ा सचिव अर्जुन दास मेहरचंदानी ने बताया कि इस बार 51 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। इसमें राधा-कृष्ण की रासलीला, नरसिंह अवतार, महल में भगवान झूलेलाल, कमल पर भगवान झूलेलाल, श्वेत अश्व पर भगवान झूलेलाल, बाहुबली हनुमान और अघोरी की झांकियां प्रमुख रहेंगी। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल होंगे।

### व्यापार मंडलों द्वारा स्वागत

कोषाध्यक्ष दीपक वरंदानी ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग पर कई स्वागत द्वार बनाए गए हैं। व्यापार मंडल श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए बिस्किट, शरबत, फल और सूखे मेवे वितरित करेंगे। संयोजक हरीश असरानी ने बताया कि इस दौरान जयपुर में सिंधी संस्कृति के विविध दर्शन देखने को मिलेंगे।

### शोभायात्रा मार्ग

झांकी सचिव रमेश हरपलानी ने बताया कि शोभायात्रा चौगान स्टेडियम से शुरू होकर गणगौरी बाजार, चांदपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता, इंदिरा बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाजार, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, हवा महल बाजार, चांदी की टकसाल होते हुए कंवर नगर के झूलेलाल मंदिर पहुंचेगी। यहाँ श्रेष्ठ झांकी पुरस्कारों की घोषणा भी की जाएगी। गुरुवार को बनीपार्क के श्री झूलेलाल मंदिर में लोकनृत्य छेज की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शहर की 15 टीमों ने भाग लिया। जयपुर में चेटीचंड महोत्सव के आयोजन ने सिंधी संस्कृति और परंपरा को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।

# पेंशन के लिए आवेदन शिविर 24 को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता एवं लोक कलाकार को पेंशन के लिए 24 मार्च, 2026 को बीदासर नगर पालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 03 हजार रुपए पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के बीदासर नगर पालिका सभागार में 24 मार्च, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 100 रुपये अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर तीन हजार रुपये प्रतिमाह देय होंगे। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

**यह दस्तावेज होंगे जरूरी:** उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष व राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो। बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता, आधार कार्ड जनाधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल ई-श्रम से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।

# सीएम शर्मा ने किया म्हारो प्यारो राजस्थान गीत के पोस्टर का विमोचन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिविल लाइंस स्थित अपने निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में निर्मित विशेष गीत म्हारो प्यारो राजस्थान के पोस्टर का विमोचन किया। यह गीत प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, महान परंपराओं और गौरवशाली पहचान को समर्पित है। इस अवसर पर गीत के प्रोड्यूसर महावीर कुमार सोनी एवं क्रिएटिव डायरेक्टर मिताली सोनी उपस्थित रहे। ज्योतिर्विद, फिल्ममेकर एवं लेखक महावीर कुमार सोनी ने प्रदेश में पहली बार राजस्थान दिवस का आयोजन देश की वास्तविक परंपरा की तिथि चैत्र शुक्ल एकम को किए जाने को मुख्यमंत्री का एक अद्भुत एवं दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल राजस्थान की सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने वाला मुख्यमंत्री का अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महावीर कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री का चुनरी ओढ़ाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया। विमोचन के दौरान महावीर कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री को अपने पूर्व में निर्मित विभिन्न शॉर्ट फिल्म्स, देशभक्ति गीत गर्व मेरा भारत तथा राजस्थान के पर्यटन एवं गौरव को दर्शाते गीत घूमो राजस्थान की जानकारी भी दी। साथ ही अपनी पुस्तक महान वीरांगना अबक्का रानी की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बड़ी आत्मीयता एवं स्नेह के साथ गीत एवं किए गए प्रयासों को सुना और सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

# हिंदू नव वर्ष मनाया



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** क्षेत्र के श्री सुभाष बोस शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यालय में गुरुवार को हिंदू नव वर्ष नव संवत्सर 2083 मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की बहिनों ने भाग लिया। कार्यक्रम से पूर्व पूरे विद्यालय परिवार के सदस्यों एवम मोहल्ले के नागरिकों का तिलकार्जन कर भारतीय नववर्ष की शुभकामनायें दी गयी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य भँवरलाल मील ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू नव वर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला यह नव संवत्सर नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन शक्ति सिंह ने किया।

# नववर्ष पर फूलों से लदे रोहिड़े के पेड़

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** हिन्दू नववर्ष विक्रम सम्वत 2083 शुरू हो चुका है और नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर घरों में घट स्थापना श्रद्धालुओं ने की है और लोग नवरात्रा के व्रत भी रख रहे हैं। पौराणिक मान्यताओं एवं धर्म शास्त्रों के अनुसार नववर्ष के प्रथम माह में नीम की हरी पत्तिया और गुड़ खाने से पूरे वर्ष निरोग और सुखी रहते हैं। विशेषकर दक्षिण भारत में ये प्रथा प्रचलित है। सेवानिवृत आर्मी मैन रामनिवास तेतरवाल ने बताया कि मैं पिछले 25 वर्षो इसका सेवन कर रहा हूँ और नीम की दो चार पत्तिया और गुड़ का सेवन करने से व्यक्ति निरोगी रहता है। दूसरी ओर पतझड़ के मौसम में रोहीड़े के पेड़ों पर काफी सुंदर फूल लगे हैं। एक तरफ जहां प्रकृति प्रत्येक पेड़ से पत्ते उतार रही हैए,वहीं रोहिड़े के पेड़ सुंदरता के उच्चतम स्तर पर हैं।

# सरकारी आवास खाली करवाकर कार्यवाही करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मौसूण ने बगड़िया अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ सुरेश कालानी का सरकारी क्वाटर खाली करवाने और उनके खिलाफ उचित विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जनवरी 2025 में सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल से कार्यमुक्त कर दिए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा सरकारी क्वाटर खाली नहीं किया गया है। जबकि हठधर्मिता पूर्वक इस सरकारी क्वाटर पर अवैध कब्जा कर रखा है और इसी क्वाटर में बैठकर मरीज देखकर मोटी कमाई की जाती है। अत: डॉ कालानी से यह सरकारी आवास खाली करवाकर दूसरे डॉक्टर को आवंटित किया जावे।

# विधायक बालमुकुंदाचार्य ने अमरापुर स्थान का किया दौरा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** हथौज धाम के प्रमुख और हवामहल विधायक स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज ने श्री अमरापुर स्थान, जयपुर में दर्शन कर संतो से धार्मिक और सामाजिक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पूज्य संत मोनूराम महाराज ने विधायक को मंदिर और इसके विभिन्न सेवा कार्यों से अवगत कराया। संतों ने बताया कि श्री अमरापुर स्थान में लगातार श्री प्रेम प्रकाश मंडल, सदगुरु टेऊँराम गौशाला, सदगुरु टेऊँराम हॉस्पिटल और बांगड़ हॉस्पिटल में प्रसाद वितरण सेवा संचालित की जाती है। इसके अलावा, मंदिर के बाहर निरंतर श्री अमरापुर जल मंदिर अन्न क्षेत्र भोजन प्रसादी वितरण का कार्य भी किया जा रहा है। संतों ने विधायक को आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक वाणी, दोहे, पद, छंद, भजन और कविताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आग्रह किया कि महाराज की आध्यात्मिक वाणी को हिंदी पाठ्यपुस्तकों में सम्मिलित किया जाए, क्योंकि उनकी वाणी मीरा, सूरदास, रसखान, कबीर दास, गुरुनानक, दादू दयाल, मलूक दास जैसे महान संतों की वाणी के समान आध्यात्मिक और साहित्यिक दृष्टि से मूल्यवान है। इस अवसर पर दोनों संतो ने आगामी हिंदू नववर्ष, नवसंवत्सर 2083 और चेटीचंड महापर्व के लिए सभी को शुभकामनाएँ और बधाईयां दी। इसके साथ ही वर्ष 2026 चैत्र मास से प्रारंभ नववर्ष पंचांग का विमोचन भी किया गया। विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने इस धार्मिक और सामाजिक सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं समाजसेवी प्रयास समाज को नैतिक और आध्यात्मिक दिशा प्रदान करते हैं।

# भोमियाजी मंदिर में हुआ रात्रि जागरण

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** ग्राम आबसर में डुंगरास सड़क मार्ग स्थित भोमियाजी मंदिर परिसर में बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला ने अपने सुरों की प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक महेश चौहान ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर की। इसके बाद महावीर सांखला ने हँसला रे, लीलण म्हारी तेजल सिंगारे तथा रण संग्राम जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रोता झूम उठे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक का आयोजन समिति द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने वाला बताया। विशिष्ट अतिथि रामनिवास कुकणा, समाजसेवी पुटीया राजा थे। आयोजन समिति के राकेश किलका ने सभी आगंतुकों, कलाकारों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारा और धार्मिक भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर केशवदास स्वामी, सूर्यकांत सेन, विक्रम पूनियां, भगवान किलका, मनोज किलका टेगौर, प्रभुदयाल प्रजापत, अशोक किलका, राजवीर सिंह भानिसरिया, हड़मान सिंह, राकेश किलका, सुनील टेलर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक नए थानाधिकारी आरपीएस विनोद नैण की देखरेख में हुई। जिसमें बिगड़ती यातायात व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अरविन्द कड़ेल ने कहा कि इन बैठकों में बार-बार जो मुद्दे उठते है लेकिन उनका समाधान नहीं होता, इसलिए आते ही नहीं है। उन्होंने गणेश मन्दिर चैराहे पर सार्वजनिक खम्भों की लाईट न जलाने व ट्रैफिक अव्यवस्था की बात कही। सुजानगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने नाथोतालाब क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने तथा बजरंग सेन ने सरकारी अस्पताल से घंटाघर ट्रैफिक जाम रहने की ओर ध्यान दिलाया। खुशीराम चांदरा ने बाइक पर सवारी व पटाखे की तेज आवाज पर रोक की मांग रखी। बजरंग सोनी ने शहर में नालियों का निकला कचरा समय पर न उठाने की ओर ध्यान दिलाया। आरपीएस नैण ने भरोसा दिलाया कि आगामी बैठक में ऐसी कोई समस्या नहीं रहेगी, समाधान का प्रयास करूंगा। बैठक में नगरपरिषद आयुक्त विक्रम जोरवाल, जलदाय विभाग के सुनील कुमार, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, सदस्य सुनील जैन, दिनेश तंवर, निवर्तमान पार्षद रेवन्तमल पंवार, श्याम स्वर्णकार, विनोद खटीक, महावीर पाटनी, रफीक खीची आदि मौजूद थे।

# त्योहारों की धूम: पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया अलर्ट

## नवरात्रि, ईद, गणगौर और रामनवमी के मद्देनजर पुलिस ने तैनात किए अतिरिक्त जाब्ता

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गुलाबी नगरी जयपुर में त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। नवरात्रि स्थापना के साथ ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। आगामी दिनों में ईद, गणगौर और रामनवमी भी बड़े उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहर में कानून और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ा अलर्ट कर दिया है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने बताया कि भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। सार्वजनिक स्थानों और शोभायात्राओं में वर्दीधारी और सादे वस्त्रों में पुलिस की टीमें लगातार निगरानी रखेंगी। शहर में फ्लैग मार्च निकाले गए और ड्रोन के माध्यम से संवेदनशील इलाकों का सर्वे किया गया। पुलिस ने ईद के मौके पर बड़ी नमाज के लिए ईदगाह और अन्य मस्जिदों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। जुलूस और शोभायात्राओं के रूट का सर्वे कर आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इसके अलावा चैन, पर्स और मोबाइल स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अभय कमांड सेंटर से भीड़भाड़ में अशांति फैलाने वाले तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर टीम ऐसे कंटेंट को काउंटर करने के लिए मुस्तैद है। डॉ. पचार ने कहा कि अगले पांच-छह दिन लगातार त्योहार हैं, इसलिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोपरि है। जनता से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस सुरक्षा कवरेज के बीच जयपुर वासियों और पर्यटकों को उत्सवों का आनंद सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में लेने का अवसर मिलेगा।

# शिविर आज

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रोजेक्ट की सीएसआर योजना के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह दस बजे मानोता कलां उप स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। शिविर प्रभारी घनश्याम ने बताया कि मानोता कलां के उप स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक सीएसआर योजना के अंतर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगया जाएगा। शिविर में गोठड़ा के युनिक हॉस्पिटल एंड डायग्नोसिस सेंटर एवं जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल नारनौल के चिकित्सक डॉ एसएस यादव, डॉ मोनिस एवं डॉ नवीन सैनी सेवाएं देंगे।

# छह पुलिसकर्मी कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवॉर्ड से सम्मानित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में गुरुवार को आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ द मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सभी सम्मानित कर्मियों को प्रशस्ति देकर उनके कार्यों की सराहना की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास और अपराधियों में भयष् स्थापित करना है, जिसके लिए जयपुर पुलिस निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस तरह के सम्मान से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि फरवरी 2026 के लिए चयनित पुलिसकर्मियों में जिला पूर्व से सियाराम कांस्टेबल थाना जवाहर नगर ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 82 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला पश्चिम से कांस्टेबल श्रीराम जांडू तकनीकी शाखा ने ष्वज्र प्रहार 2.0 अभियान के तहत तकनीकी सहायता से 201 मोबाइल फोन करीब 38.50 लाख रुपए मूल्य रिकवर कर उल्लेखनीय कार्य किया। जिला उत्तर से कांस्टेबल महेश कुमार थाना संजय सर्किलद्ध ने वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान में 7 स्थायी वारंटों का निस्तारण किया और ऑनलाइन परिवादों के समाधान में अहम योगदान दिया। जिला दक्षिण से कांस्टेबल पवन कुमार थाना सांगानेर सदर ने 15 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लंबे समय से लंबित वारंटो का निस्तारण किया। यातायात पश्चिम के कांस्टेबल प्रेम सिंह ने ड्यूटी के साथ-साथ लेन सिस्टम में 409 प्रभावी कार्रवाई कर अनुकरणीय कार्य किया। रिजर्व पुलिस लाइन के कांस्टेबल रामकिशोर ने कार्यालय परिसर के सौंदर्यकरण, पेंटिंग और चित्रकला में विशेष योगदान दिया। समारोह में अधिकारियों ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यों को प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों के देरी से पहुंचने पर भड़के परिजन, हंगामा किया

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में समय पर इलाज न मिलने से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। शहर के सबसे बड़े राजकीय चिकित्सालय में गुरुवार दोपहर उस समय हंगामा शुरू हो गया जब इमरजेंसी वार्ड में सर्जन चिकित्सक के समय पर नहीं पहुंचने से घायलो के परिजन भड़क उठे। राजकुमार पारीक ने बताया कि न्यू पारीक कॉलोनी निवासी कृष्णकांत की पुत्री परिधि तिवाड़ी एवं मालासी निवासी लक्ष्मण दास के पुत्र वासुदेव को वाटर वर्क्स चौराहे पर एक आवारा कुत्ते ने बुरी तरह नोचकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय लाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। सूचना देने के बावजूद डॉ. किशनाराम पुनिया जनरल सर्जन अपने घर पर प्रैक्टिस में लगे रहे और काफी देर बाद मौके पर पहुंचे। इस दौरान मासूम बालिका का लगातार रक्तस्राव होता रहा, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्सा, परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही पीएमओ डॉ भरत कसेरा तुरंत वार्ड में पहुंचे और घायलों का त्वरित ईलाज शुरू करवाया।

# गुलदाउदी के फूलों की चाय पीने से शरीर को मिलते हैं कई फायदे



प्रकृति में ऐसे कई औषधीय पौधे मौजूद हैं, जिनसे कई रोगों को आसानी से दूर किया सकता है। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी में इन औषधियों का जिक्र मिलता है। एशिया में पाई जानी जाने गुलदाउदी चाय भी गुणों की खान मानी जाती है। इसका उपयोग ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और हार्ट संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है। चीन में गुलदाउदी की चाय बेहद लोकप्रिय है। इस चाय की कई किस्में होती हैं। गुलदाउदी एक तरह का फूल होता है, यह चाय इसी फूल से बनाई जाती है।

### पोषक तत्वों का खजाना

गुलदाउदी चाय में विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट और आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह त्वचा, बाल, हड्डियों और आंतरिक प्रणालियों को पोषण प्रदान करती है। इसमें विटामिन बी के साथ ही अन्य मिनरल्स जैसे कोलीन, फोलिक एसिड, राइबोफ्लेविन और नियासिन पाए जाते हैं।

### स्ट्रेस को कम करें

गुलदाउदी चाय की सुगंध इसके गुणों के साथ मिलकर स्ट्रेस को कम करने में सहायक होती है। इस चाय के सेवन से ब्रेन के न्यूरोट्रांसमीटर एक्टिवेट होते हैं और आपका तनाव कम होने लगता है।

### पाचन क्रिया को बेहतर करता है

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, गुलदाउदी चाय पाचन तंत्र को बेहतर करने में सहायक होती है। इसकी चाय पीने से आपको पाचन संबंधी परेशानी जैसे कब्ज, गैस, पेट का फूलना व खट्टी डकार आने आदि की समस्या में आराम मिलता है।

### इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है

गुलदाउदी चाय में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए तैयार करते हैं। इस चाय के सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जो लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं उन्हें इसके सेवन से इंफेक्शन का खतरा कम हो सकता है।

# डल और ड्राई स्किन से बचने के लिए चेहरे पर लगाएं तुलसी और दही





स्किन को बेदाग और जवान बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर स्किन केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनके इस्तेमाल से स्किन को नुकसान पहुंचने का खतरा भी रहता है। स्किन को बेहतर और बेदाग बनाने के लिए तुलसी और दही का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। तुलसी का इस्तेमाल हिंदू धर्म में धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। अनेकों औषधीय गुणों से युक्त तुलसी को आयुर्वेद में कई गंभीर बीमारियों का इलाज करने में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं दही प्रोबायोटिक गुणों से युक्त होती है। बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं। चेहरे पर इसका इस्तेमाल फेस पैक के रूप में करने से कई फायदे मिलते हैं। तुलसी और दही का मिश्रण न सिर्फ स्किन को बेहतर बनाने में मदद करता है बल्कि इसका इस्तेमाल बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद फुंसी और एक्ने से छुटकारा पाने में भी फायदेमंद होता है।

### डल और ड्राई स्किन से बचाव

स्किन डल और ड्राई होने से बचाने के लिए तुलसी और दही का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। यह फेस पैक स्किन को ड्राई होने से बचाता है और चेहरे की नमी को ठीक रखने में मदद करता है। आप सप्ताह में दो बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एक्ने और पिंपल्स से छुटकारा

तुलसी और दही में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने से चेहरे पर होने वाले एक्ने, पिंपल्स, फोड़े और फुंसी से छुटकारा मिलता है। इस फेस पैक को लगाने से स्किन अंदर से साफ होती है।

### दाग-धब्बों को हटाने में फायदेमंद

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों को हटाने में तुलसी और दही का फेस पैक फायदेमंद होता है। इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं। दही, तुलसी की पत्तियों के साथ नींबू का रस मिलाकर लगाने से चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे जल्दी दूर हो जाते हैं।

### चेहरे का ग्लो बढ़ाए

चेहरे का ग्लो बढ़ाने और एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए दही और तुलसी का फेस पैक बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से झुर्रियों को कम करने में भी मदद मिलती है।

### टैनिंग दूर करने में फायदेमंद

सनबर्न और टैनिंग को दूर करने के लिए भी तुलसी और दही का फेस पैक बहुत फायदेमंद होता है। इसमें एलोवेरा मिलाकर लगाने से दोगुना फायदा मिलता है।

### कैसे बनाएं तुलसी और दही का फेस पैक?

तुलसी की पत्तियों को पीसकर एक फाइन पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट में दो चम्मच दही मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। आप चाहें तो इस पेस्ट को टाइट करने के लिए आधा चम्मच बेसन भी मिला सकते हैं। अब इस पेस्ट को अच्छी तरह से चेहरे और गर्दन पर अच्छी तरह से लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को साफ करें। ऐसा करने से स्किन का ग्लो बढ़ेगा और कई परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।



# इंटेंस वर्कआउट के बाद मसल रिकवरी में मदद करेंगे ये खास टिप्स

फिट रहने के लिए हम सभी वर्कआउट करते हैं। वर्कआउट के जरिए ना केवल आपको अपनी अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है, बल्कि इससे बॉडी शेप को भी मेंटेन रखा जाता है। कई बार लोग इंटेंस वर्कआउट तो करते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद मसल रिकवरी पर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि यह भी उतना ही जरूरी है। इंटेंस वर्कआउट के बाद जब मसल रिकवरी पर ध्यान दिया जाता है तो इससे इंजरी का रिस्क काफी कम हो जाता है। साथ ही, वर्कआउट के दौरान मसल लॉस होता है और जब मसल रिकवरी की जाती है तो इससे मसल की जगह फैट लॉस होता है। अब सवाल यह उठता है कि इंटेंस वर्कआउट के बाद मसल रिकवरी किस तरह की जाए।

### लें प्रोटीन

यह तो हम सभी जानते हैं कि मसल्स बिल्डअप करने के लिए प्रोटीन का सेवन करना बेहद जरूरी होता है। यह आपको मसल रिकवरी में भी मददगार है। इसलिए, वर्कआउट के बाद कुछ घंटों के भीतर ही प्रोटीन रिच फूड्स या फिर सप्लीमेंट अवश्य लें। प्रोटीन के सोर्स के रूप में आप लीन मीट, पोल्ट्री, मछली, अंडे, डेयरी प्रोडक्ट या फिर प्लांट बेस्ड प्रोटीन ले सकते हैं। अगर आप प्रोटीन सप्लीमेंट ले रहे हैं तो एक बार एक्सपर्ट से इस विषय में सलाह अवश्य ले लें।



### हाइड्रेशन का रखें ध्यान

हो सकता है कि आप इस ओर ध्यान ना दें, लेकिन वर्कआउट के दौरान आपको अपने हाइड्रेशन का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। यह आपके मसल्स फंक्शन के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही साथ, इससे आपकी ओवर ऑल हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। इसलिए, वर्कआउट से पहले, दौरान और बाद में खूब पानी पीएं। आप चाहें तो वर्कआउट के बाद नारियल पानी का सेवन भी कर सकते हैं।

### करें स्ट्रेचिंग

जिस तरह वर्कआउट से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है। ठीक उसी तरह, बाद में आपको बॉडी को कूल डाउन भी करना चाहिए। इससे ना केवल आपकी हार्ट बीट धीरे-धीरे नॉर्मल होती हैं, बल्कि मसल्स रिकवरी में भी मदद मिलती है। आप पोस्ट वर्कआउट के रूप में हल्की स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। यह बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी को भी बेहतर बनाएगा। आप बॉडी को हल्का स्ट्रेच करें और फिर उसे 10-15 सेकंड तक होल्ड करें।



### लें अच्छी नींद

वर्कआउट के दौरान आपकी मसल्स पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में उन्हें रिकवरी की जरूरत होती है। इसके लिए आपको अपनी नींद पर भी ध्यान देना चाहिए। नींद आपकी मसल्स को रिकवरी करने का समय देती है। जो लोग इंटेंस वर्कआउट करते हैं, उन्हें थोड़ा सा अधिक सोने की कोशिश करनी चाहिए। मसलन, अगर आप एथलीट हैं या फिर हर दिन इंटेस वर्कआउट करते हैं तो आपको रात में 9-10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

### करें एक्टिव रिकवरी

जब आप मसल रिकवरी करना चाहते हैं तो इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप दिनभर बेड पर ही लेटे रहें। आप एक्टिव रिकवरी का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। मसलन, रिकवरी के दिनों में आप वर्कआउट से पूरी तरह छुट्टी लेने की जगह वॉकिंग जैसी लाइट एक्टिविटीज कर सकते हैं। इससे आपकी मसल्स पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता है और साथ ही साथ, बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है।

# स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो

यह तो हम सभी जानते हैं कि वर्कआउट करना सेहत के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन अक्सर हम बॉडी स्ट्रेचिंग पर उतना ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज से भी आपको बहुत अधिक लाभ मिलता है। यह आपके रेंज ऑफ मोशन को इंप्रूव करने में मददगार है, जिसके कारण आपको चोट लगने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इससे आपकी बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी में भी सुधार होता है, जिससे फिजिकल एक्टिविटी या वर्कआउट परफार्मेंगस में इंप्रूवमेंट साफतौर पर दिखाई देती है। इसके अलावा, स्ट्रेचिंग के कारण मसल्स ब्लड फ्लो भी बेहतर होता है।



### कंफर्ट लेवल से अधिक ना करें

अक्सर लोग स्ट्रेचिंग करते समय शरीर को बहुत अधिक खींचने का प्रयास करते हैं। यह सच है कि स्ट्रेचिंग के दौरान मसल्स में हल्का खिंचाव महसूस होता है, लेकिन आपको कभी भी दर्द महसूस नहीं होना चाहिए। यदि आपको स्ट्रेचिंग करते हुए शरीर में अनकंफर्टेबल या दर्द का अहसास हो तो ऐसे में आपको थोड़ा कम स्ट्रेच करना चाहिए। शरीर को बहुत अधिक स्ट्रेच करने से भी आपको समस्या हो सकती है।

### कई बार ना करें स्ट्रेचिंग

अन्य किसी भी एक्सरसाइज की ही तरह स्ट्रेचिंग भी आपके शरीर पर स्ट्रेस डालती है। इसलिए, बहुत अधिक स्ट्रेचिंग करने से भी बचा चाहिए। अगर आप एक ही मसल्स ग्रुप को दिन में कई बार स्ट्रेच कर रहे हैं, तो इससे आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### वर्कआउट के बाद करें स्ट्रेचिंग

आप स्ट्रेचिंग किस समय कर रहे हैं, इसका भी गहरा असर आपकी बॉडी व मसल्स पर पड़ता है। स्ट्रेचिंग करने का सबसे अच्छा समय वर्कआउट करने के बाद का है। दरअसल, इस दौरान आपका शरीर गर्म होता है और ऐसे में आपके लिए स्ट्रेचिंग करना अधिक आरामदायक रहता है। याद रखें कि ठंडी मसल्स उतनी फ्लेक्सिबल नहीं होती हैं, जिससे स्ट्रेचिंग करना बहुत मुश्किल हो जाता है। हालांकि, अगर आप स्ट्रेचिंग करने से पहले व्यायाम नहीं कर रहे हैं, तो कुछ हल्के कार्डियो जैसे वॉकिंग या जॉगिंग के साथ 5 से 10 मिनट तक वार्मअप जरूर करें।

### बॉडी पोश्चर पर दें ध्यान

स्ट्रेचिंग करते समय आपको अपने बॉडी पोश्चर पर ध्यान अवश्य देना चाहिए। भले ही आप खड़े होकर, बैठकर या फिर लेटकर स्ट्रेचिंग कर रहे हैं। अपने बॉडी पोश्चर का ध्यान रखने से आप सही तरह से स्ट्रेचिंग कर पाते हैं और इससे बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी पर भी अच्छा असर पड़ता है। साथ ही साथ, टाइट मसल्स की स्ट्रेचिंग के दौरान चोट लगने की संभावना काफी कम हो जाती है।

### सांस ना रोकें

कई बार स्ट्रेचिंग करते हुए हम अपनी सांसों को होल्ड कर लेते हैं, जबकि यह स्ट्रेचिंग करने का सही तरीका है। भले ही आप अपने शरीर की किसी खास मसल को स्ट्रेच कर रहे हैं, लेकिन इस दौरान भी आराम से सांस लेते रहें। स्ट्रेच करते समय अपनी सांस न रोकें।

# अर्थराइटिस की वजह से होने वाले दर्द को कम करता है महुआ का तेल

आज के दौर में शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण कई तरह के रोग होने लगे हैं। आज कम उम्र के लोगों को भी जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या हो सकती है।

दरअसल, डाइट और लाइफस्टाइल में हुए बदलाव की वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जोड़ों में दर्द होने पर व्यक्ति को चलने में परेशानी होने लगती है। इसके अलावा, कई बार जोड़ों का दर्द इतना बढ़ जाता है, जिसकी वजह से लोगों को पैरों में सूजन भी दिखाई देने लगती है। अर्थराइटिस भी जोड़ो में दर्द का एक मुख्य कारण बन सकता है।

### मांसपेशियों की ऐंठन में आराम मिलना

महुआ के तेल से मसाज करने पर मांसपेशियों को ऐंठन दूर होती है। इसके अलावा त्वचा को फ्री रेडिकल्स की वजह से होने वाले नुकसान से बचाने में भी सहायक होता है। इस तेल की मसाज करने से जोड़ों का दर्द कम होता है और मूवमेंट बेहतर होता है।

### सूजन कम होना

महुआ का तेल घुटनों की सूजन को कम करने में सहायक होता है। इसके इस्तेमाल से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और घुटने के दर्द में आराम मिलता है। साथ ही, सूजन धीरे-धीरे कम होने लगती है।

### पोषण तत्व से भरपूर

इस तेल में कॉपर, जिंक, मैग्नीशियम, प्रोटीन, कैल्शियम व फैटी एसिड जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह तेल हड्डियों को मजबूत करने के साथ ही अर्थराइटिस की वजह से होने वाली सूजन को कम करने में मददगार हो सकता है। इसकी मसाज से आपको जोड़ों में दर्द में राहत मिलती है।

### मूवमेंट को बढ़ाएं

अर्थराइटिस के दर्द को दूर करने के लिए बाजार में वैसे तो कई तरह के तेल उपलब्ध हैं। लेकिन, आप महुआ के तेल को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस दर्द को दूर करने के लिए आप दिन में एक बार महुआ के तेल से प्रभावित हिस्से में मसाज कर सकते हैं।

## पेंशनर करवाएं वार्षिक भौतिक सत्यापन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे पेंशनरों को वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने के लिए कहा गया है। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे पेंशनरों को प्रतिवर्ष माह नवम्बर एवं दिसम्बर में वार्षिक सत्यापन करवाना होता है। वार्षिक सत्यापन नहीं करवाने वाले पेंशनरों की पेंशन राशि का भुगतान रोक दिया जाता है। वर्तमान में चूरू ग्रामीण क्षेत्र के कुल 3650 पेंशनर तथा शहरी क्षेत्र के कुल 670 पेंशनर वर्ष-2026 के वार्षिक सत्यापन से वंचित है। वार्षिक सत्यापन के अभाव में इनको पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों ने वर्ष-2026 का वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया है, वे अविलंब अपने नजदीकी ई-मित्रध्राज एसएसपी मोबाइल एप्प अथवा शहरी क्षेत्र के पेंशनर संबंधित उपखण्ड अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्र के पेंशनर संबंधित विकास अधिकारीध्पंचायत समिति में उपस्थित होकर 31 मार्च,2026 से पूर्व अपना वार्षिक सत्यापन करवा सकते हैं।

## झुंझुनू के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचौली ने संभाला पदभार

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के नवनियुक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार पंचौली ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। वे डूंगरपुर से स्थानांतरित होकर यहां पहुंचे हैं। झुंझुनू आगमन पर न्यायिक अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पारिवारिक न्यायालय के जज अजय गोदारा, अपर सत्र न्यायाधीश संख्या दो आशिष कुमावत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कालूराम, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रंजना, मुंसिफ एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जया सैनी तथा एजेएम आकाश कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपा गुर्जर का स्थानांतरण डूंगरपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर किया गया है।

## मत्स्य भगवान का जयंती समारोह कल

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** पौराणिक तीर्थ नगरी लोहार्गल धाम पर स्थित मीणा धर्मशाला एवं मिनेश भगवान मंदिर में आदिवासी मीणा समाज के अवतार मत्स्य भगवान का जयंती समारोह धूम-धाम से मनाया जाएगा। संस्था के महामंत्री एडवोकेट अशोक मीणा एवं प्रभाती लाल मीणा उदयपुरवाटी ने बताया कि 21 मार्च शनिवार को दोपहर 12:15 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में मीणा धर्मशाला एवं मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, उदयपुरवाटी एसएचओ रामपाल मीणा, गोठड़ा थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा एराजस्थान आदिवासी सेवा संघ के सीकर जिलाध्यक्ष रिटायर्ड एएसपी वीरेंद्र मीणा, भूदान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान आदिवासी सेवा संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण नागवा, राष्ट्रीय मीणा महासभा के सीकर जिलाध्यक्ष कैप्टन जयनारायण मीणा, पूर्व झुंझुनू जिलाध्यक्ष दिलिप मीणा, राष्ट्रीय मीणा विकास परिषद के जिलाध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा, समाज सेवी सुरेंद्र भोजासर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रमुख लोग शामिल होंगे।

## पूर्व जिला प्रमुख ने किया राजसखी मेले का अवलोकन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन व राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में चूरू चौपाटी में आयोजित सात दिवसीय राजसखी मेला महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण उद्यमिता की सशक्त मिसाल बनकर उभर रहा है। गुरुवार को पूर्व जिला प्रमुख वंदना आर्य ने राजसखी मेले का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को लखपति दीदी योजनांतर्गत 10 टैबलेट वितरित किए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तभी जिले का समग्र विकास संभव हो सकेगा। राजीविका डीपीएम भागचंद खारिया ने बताया कि मेले में 102 समूह, फूड स्टॉल्स, ओडीओपी स्टॉल्स लगाई गई हैं। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए विशेष लकी ड्रॉ भी आयोजित किया जा रहा है।

# चैत्र नवरात्रि में जोबनेर ज्वाला माता धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जोबनेर स्थित ज्वाला माता धाम में आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और पूरा क्षेत्र जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा है। यह प्राचीन धाम एक अनूठे शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है, जहां माता सती के घुटने की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सती के अंग पृथ्वी के विभिन्न स्थानों पर गिरे थे, जिनमें जोबनेर वह पावन स्थल माना जाता है जहां उनका घुटना गिरा था। यहां गुफा में प्राकृतिक रूप से प्रकट आकृति को ही माता का स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की जाती है, विशेष बात यह है कि यहां किसी प्रकार की मूर्ति स्थापित नहीं है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में अखंड ज्योत निरंतर प्रज्वलित रहती है, जो श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। माता की आरती चांदी के बर्तनों में की जाती है तथा लगभग 200 वर्ष पुरानी नौबत नगाड़ा आरती के समय बजाई जाती है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मंदिर में श्रद्धालु माता को चुनरी, लहंगा और सोलह श्रृंगार अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यहां लक्खी मेले का आयोजन भी प्रारंभ हो गया है, जिसमें राजस्थान सहित अन्य राज्यों से लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु सुबह तड़के से ही लंबी कतारों में लगकर माता के दर्शन कर रहे हैं। ज्वाला माता मंदिर ट्रस्ट जोबनेर द्वारा नवरात्रि के दौरान व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों की देखरेख में दर्शन व्यवस्था, साफसफाई, जल व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के साथ ही सेवाभाव की अनूठी मिसाल भी देखने को मिल रही है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ट्रस्ट के सहयोग से यात्रियों के लिए जलपान, नाश्ता एवं भंडारों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है। नवविवाहित जोड़े जहां माता का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं, वहीं कई परिवार अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी यहीं संपन्न करवा रहे हैं। दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए, जयकारों के साथ मंदिर पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जोबनेर थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है। जो श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश स्थित प्रसिद्ध ज्वाला शक्तिपीठ नहीं जा पाते, उनके लिए जोबनेर का यह धाम विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान यहां प्रतिदिन विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर है। यह धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सेवाभाव का जीवंत प्रतीक भी है। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से शुरू हुआ और घर-घर में घट स्थापना की जा रही है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।

# भव सागर में तरण को पुस्तक का भव्य विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांवड़ यात्रा के आध्यात्मिक, अनुभूति-आधारित एवं आत्मचिंतन से जुड़े अनुभवों को शब्दों में पिरोती लेखक सतीश गौतम की पुस्तक भव सागर में तरण को का विमोचन गुरुवार को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, झालाना के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल आचार्य उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संत योगी रमणनाथ ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भाल भूषण द्वारा बांसुरी पर प्रस्तुत भजन मैली चादर ओढ़ केसे हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता और भावपूर्ण ऊर्जा से सराबोर कर दिया। अपने संबोधन में गोपाल आचार्य ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल बाहरी यात्रा नहीं, बल्कि एक गहन आंतरिक यात्रा भी है। उन्होंने कहा सबसे बड़ी यात्रा सांस की है और सच्ची कृति वही होती है जो पाठक को अपने साथ यात्रा पर ले जाए। उन्होंने यह भी कहा कि श्प्रदर्शन से पहले दर्शन जरूरी है, अर्थात अनुभव की गहराई ही किसी रचना को सार्थक बनाती है। लेखक सतीश गौतम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने किशोरावस्था से कांवड़ यात्रा प्रारंभ की और लगभग 8000 किलोमीटर की यात्रा के अनुभवों को इस पुस्तक में संजोया है। उन्होंने इसे ऐसी अनुभूति बताया, जिसे पूरी तरह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, बल्कि महसूस किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्तिगत जीवन के गहरे अनुभव, विशेषकर पत्नी कुसुमलता के निधन के बाद, इस कृति का प्रकाशन उनके लिए एक भावनात्मक और आत्मिक पड़ाव रहा।

## ठाकुरश्री सीताराम महाराज को करवाई नवीन पोशाक धारण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री सीताराम जी, छोटी चौपड़ में मंदिर महंत नंदकिशोरजी महाराज के सानिध्य में नवदिवसीय रामायण पाठ के साथ श्री रामनवमी महोत्सव 2026 का प्रारंभ हुआ। 19 मार्च 2026 गुरुवार को नववर्ष पर ठाकुर श्री सीताराम जी महाराज को पंचांग पढ़कर सुनाया गया और पंचांग की पूजा अर्चना की गई। ठाकुर जी को नवीन पोशाक धारण करवाई गई, और पंचांग सुनाने के बाद भक्तों में मिश्री, काली मिर्च और नीम की कोपल का प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद विधिवत राम जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। नवरात्र स्थापना के पहले दिन गुरुवार को कलश पूजन के साथ उत्सव की रौनक बढ़ी। मंदिर महंत नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को गणगौर एवं सिंजारा उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर महिलाएं सिंजारा पूजा करेंगी और मेहंदी लगाएंगी। सभी भक्तों को प्रसादी के रूप में मेहंदी वितरित की जाएगी। मंदिर प्रांगण में 24 मार्च 2026 मंगलवार को संगीत में सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# नवसंवत्सर पर रंगोली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिखी भारतीय परंपरा की झलक

निसं




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नवसंवत्सर के पावन अवसर पर स्थानीय इकाई एसबीएन, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान, उच्च शिक्षा) के तत्वावधान में एक भव्य एवं बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर पूरी तरह से उत्सवमय वातावरण में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक लगाकर अतिथियों एवं प्रतिभागियों के पारंपरिक स्वागत से हुई, जिसने भारतीय संस्कृति की आत्मीयता और गौरवशाली परंपरा का सजीव परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। रंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, प्रकृति और नवसंवत्सर के महत्व को दर्शाया गया, जिससे पूरा परिसर रंग-बिरंगी छटा से खिल उठा। इसके साथ ही संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नवसंवत्सर के महत्व, भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा एवं आधुनिक युग में उसके संरक्षण की आवश्यकता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों के ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक भाषणों ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास और विषय की गहन समझ स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही। विद्यार्थियों ने लोकगीत, लोकनृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का जीवंत चित्रण किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने जब मंच पर अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इन प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता के दौर में भी हमारी सांस्कृतिक जड़ें मजबूत हैं और हमें उन्हें सहेजकर रखना चाहिए। इस अवसर पर एसबीएन ग्रुप ऑफएजुकेशन के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट, सचिव इंजीनियर, प्रदीप, राजेंद्र बिजारणिया, प्रवीण शर्मा, धर्मेंद्र जितरवाल, जितेंद्र कुमार निठारवाल, श्रवण कुमार महला, ओमप्रकाश वर्मा, कमलेश सैनी, ओम प्रकाश शर्मा, बनवारी लाल जीतरवाल, ममता बिजारणिया, जोत्सना स्वामी, रसना सैनी, अंतिमा शर्मा, ज्योति जाखड़ सहित समस्त आचार्यगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवसंवत्सर भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो हमें नए संकल्पों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि उसमें सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का समावेश भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन समिति ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों एवं विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण भी किया गया, जिससे पूरे माहौल में और अधिक उल्लास एवं अपनत्व की भावना देखने को मिली। समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवसंवत्सर के इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जो आने वाले समय में और भी सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा।

## गाय के गोबर से तैयार कागज पर लिखी पुस्तक के नाम दर्ज हुए 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैश्विक पर्यावरण संरक्षण और गौसंवर्धन पर कार्य करते हुए गौमाया फाउंडर डॉ. सीताराम गुप्ता ने कोरोना काल में एक पुस्तक लिखी, जिसे विश्व की प्रथम पुस्तक बनने का दर्जा हासिल हुआ। अमेजॉन बेस्ट सेलर के अवार्ड से भी नवाजी गई इस पुस्तक की खासियत ये है कि यह देसी गौ माता के गोबर से बने हुए कागज पर छपने वाली दुनिया की



पहली पुस्तक है। पिछले दिनों इसे लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएसए, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड, दुबई बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड, फॉर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स सहित 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि देसी गौ माता के गोबर से बने हुए कागज पर छपने वाली पुस्तक का वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होना न केवल भारतीय गौ माता का सबसे बड़ा सम्मान है। अपितु गौ माता को वैश्विक सम्मान दिलाया है।

## भारतीय नव संवत्सर 2083 मनाया

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ की श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तथा श्री दुर्गा प्रसाद धनुका उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर भारतीय नव वर्ष संवत 2083 मनाया गया। चूरू बस स्टैंड पर सुमंगलम हास्पिटल के आगे विद्यालय के छात्रों, आचार्यों व समिति सदस्यों ने नगर के नागरिकों को तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा, व्यवस्थापक रामवतार शर्मा, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, लोकेश चौमाल, ताराचंद महर्षि, नागर मल प्रजापत, राजेश बसीर, दिनेश तिवाड़ी व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT DIVISION SIKAR**
(Tel. 01572-294311, Email.eephedskr@gmail.com)

NO: 9331 Dated 16/03/2026

NOTICE INVITING BID

Bid Procurement of Hand Pumps repairing work under Panchayat Samiti Piprali under Dn Sikar amounting Rs.5.00 lacs are invited from interested bidders upto 11:00 AM date 30.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and phedtenders.raj.nic.in department website.

| NIT No | NIB No | UBN No |
|---|---|---|
| 103/25-26 | PHE2526A7266 | PHE2526WSRC15583 |

**(Ram Kumar Chahil)**
Ececutive Engineer
PHED Division Sikar

DIPR/C/5685/2026



## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, सीकर

क्रमांक: 459 दिनांक: 13/03/2026

**ई निविदा सूचना 03/2025-26**

सीकर जिले के महाराव शेखाजी राजकीय बालिका सैनिक स्कूल के संचालन हेतु आवश्यक हैड-कुक, सहायक कुक, मैस सहायक स्टॉफ जॉब बेसिस पर रखे जाने की श्रीमान निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के पत्र क्रमांक:- शिविरा-माध्य/बजट/बी-4/25577/2025-26 (E-File-20874314 दिनांक 05.03.2026 के अनुसरण में वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 30.04.2018 के तहत उक्त कार्य हेतु विर्निदिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, जी.एस.टी., आयकर, राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो से निम्नानुसार ई-बोलिया आंमत्रित की जाती है-

| श्रेणी | कुल कार्मिक | अनुमानित लागत (रूपये) | बोली अमानता | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपये) | निविदा दस्तावेज/डी.डी. जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा अपलोड/जमा की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | कार्यालय का नाम जहां निविदा दस्तावेज/डी.डी. प्रस्तुत की जानी है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Head Cook (कुशल) जॉब बेसिस | 02 | 15.0 लाख | 2% on bid value | 1000.00 | 23.03.2026 सायं 04:00 बजे तक | 23.03.2026 सायं 04:00 बजे तक | 24.03.2026 सायं 02:00 बजे तक | जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा, सीकर |
| Assistant Cook (अर्द्धकुशल) जॉब बेसिस | 07 | | | | | | | |
| Mess Assistant (अर्द्धकुशल) जॉब बेसिस | 06 | | | | | | | |

ई निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्त कार्यालय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

NIB-EDU25260171
UBN-EDU2526SLOB00161

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, सीकर

DIPR/C/5734/2026



## कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2997 दिनांक :- 16/03/2026

**खुली निविदा सूचना**

Creation of 1st Smart Class Room हेतु खुली निविदा (रू 9,50,000/, अक्षर नौ लाख पचास हजार रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GSOB00574 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 23.03.2026 प्रातः 11.00 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/22863 अधिष्ठाता



## कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी, सीकर

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- एफ(41)/भण्डार/कृ.महा./एफटीआर/2025/2999 दिनांक :- 16/03/2026

**खुली निविदा सूचना**

Entomology Laboratory Items हेतु खुली निविदा (रू 4,51,370/, अक्षर चार लाख इकावन हजार तीन सौ सत्तर रूपये मात्र) कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर-शेखावाटी में आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण UBN No. SKN2526GSOB00579 से राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** अथवा श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की वेबसाइट **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र को कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 23.03.2026 प्रातः 11.00 बजे तक है।

राज.संवाद/सी/25/22865 अधिष्ठाता



## कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी (सीकर)

क्रमांक :- न.पा.रा/2025-26/1034 दिनांक :- 17.03.2026

**निविदा सूचना 41/2025-26**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर **NIB Code DLB2526B3121 Bid Title/(UBN) DLB2526GSOB39028** एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा में **RTPP Act 2012 & Rules 2013** के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद/सी/25/22966

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर मनाया हिंदू नव संवत्सर

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** हिंदू नव संवत्सर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तापडिया बगीची स्थित अहिंसा सर्किल पर सभी को हिंदू नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिंदू नव संवत्सर माँ दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली का वास हो। सभी के जीवन में नई ऊर्जाए नई आशा और नए संकल्पों के साथ सफलता के नए आयाम स्थापित करे, यही मंगलकामना है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता शर्मा ने भी सभी के तिलक लगाया। उन्होंने आमजन को भी तिलक लगाकर नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, करण सिंह, श्रीहरि बियाणी, सज्जन सैनी, प्रदीप अग्रवाल, इंद्र शर्मा, सुरेश अग्रवाल, अनिता शर्मा, जितेंद्र जांगिड़, महावीर सैन, सोनू सोनी, मुकेश नायक आदि मौजूद रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा शुक्रवार सुबह 9 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में रोटरी शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जायेगा। इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमें 14 वर्ष तक के लड़के-लड़कियां भाग लेंगे, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष तक के लड़के व लड़कियां भाग लेंगे। शतरंज प्रतियोगिता में कुल प्रविष्टियां मिली है जिनमें ग्रुप अ में तथा ग्रुप ब में प्रविष्टियां प्राप्त हुई है। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन गिरिराज कयाल, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन दीनदयाल सतीजा व मुकेश व्यास नियुक्त किये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मेंमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर रोटेरियन प्रज्ञा मेहता कोटा से बतौर मुख्य अतिथि तथा असिस्टेंट गवर्नर सीकर से रोटेरियन डॉक्टर दिव्या कचोलिया बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेगी। 27 मार्च शुक्रवार को सुबह 9 बजे से चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमें 18 वर्ष तक के लड़के भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग ले सकते है। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंक्लिन, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा बनाये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा।

## स्वामी को लेखांकन एवं करारोपण में पीएचडी

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ अंचल के दौलतपुरा, हाथीदेह निवासी मीनाक्षी स्वामी को आईआईएस (मानित विश्वविद्यालय) जयपुर द्वारा दीक्षांत समारोह में लेखांकन एवं करारोपण में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है। मीनाक्षी स्वामी के पति जितेन्द्र स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि मीनाक्षी स्वामी ने नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के प्रति निवेशकों की प्राथमिकता का अध्ययन विषय पर शोधकार्य किया है। मीनाक्षी स्वामी को उनके शोध-ग्रंथ के बाद उनको स्कूल ऑफ कॉमर्स में डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि दीक्षांत समारोह (लेखांकन एवं करारोपण) में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा नववर्ष का स्वागत



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीकर द्वारा आज घंटाघर परिक्षेत्र में प्रात:काल नववर्ष के स्वागत में तिलक लगाकर सभी दुकानदारों का तथा वहां से गुजरने वाले सभी नागरिकों का स्वागत किया गया और सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी तथा एक दूसरे का मिश्री खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीकर के जिलाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ढुकिया, प्रांत सह सचिव पुनीत सैनी, प्रांत सह आयाम प्रमुख सत्यवीर सिंह सचिव राकेश कट्टा, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार मोयल, सुरेंद्र शर्मा, योगेश कुमार, सुरेश कमलानी, गोविंद बजाज, सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रालोपा ने ज्ञापन सौंप किसानों की समस्याओं से अवगत कराया

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेतृत्व में लाडनूं उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया गया है। रालोपा नेता रामकरण रेवाड़ एवं बीएलए प्रथम ज्ञानाराम मेहरिया ने बताया कि रबि साल 2022-23 की फसल शीतलहर, पाले व ओलावृष्टि से 70 से 90 प्रतिशत नष्ट हो गई थी जिसके बाकी किसानों को आदान अनुदान योजना के तहत मुआवजा व बिमा क्लेम दिया जाए, सर्मथन मुल्य केन्द्र बाडेला में मुंग तुलाई कि बकाया राशि किसानों के खाते में डालने, किसानों कि 30 से 40 पर्चियों को निरस्त कर गबन करने की निष्पक्ष जांच करवाई जाने एवं खरीफ फसल 2025 की मूंग, मोट, बाजरे का का किसान आदान अनुदान योजना के तहत मुआवजा व बीमा क्लेम दिलवाया जाने की मांग रखी गई है। वहीं आगामी 15 दिनों में सुनवाई नहीं होने पर सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

## गणगौर पूजन के दौरान मनाई हल्दी रस्म



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शहर में कृषि मंडी के पीछे भंवर कॉलोनी में नव विवाहिता व युवतियों द्वारा गणगौर पूजन का कार्यक्रम होली के दिन से चल रहा है। ज्योति सैन ने बताया कि गणगौर पूजन के दौरान विवाहिताओं व युवतियों द्वारा गुरुवार शाम को हल्दी की रस्म की गई। सीमा सैन ने बताया कि प्रतिदिन बनोरी का कार्यक्रम भी जारी है। शनिवार को पूजन का कार्यक्रम समापन के बाद शाम को जनाना अस्पताल के सामने सालासर रोड पर स्थित नेहरू पार्क में शोभायात्रा के साथ गणगौर का विसर्जन किया जायेगा। इस दौरान नितिका, आकांक्षा, सानवी, गुंजन, टीना, भारती, लक्ष्मी, भावना, तानिया आदि मौजूद रही।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से निरंजनलाल को मिली स्वरोजगार की राह

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों के कौशल को नई पहचान और मजबूती मिल रही है। ऐसा ही उदाहरण है चूरू शहर के कारीगर निरंजन लाल का जिनको प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से स्वरोजगार की राह मिली। योजना अंतर्गत मिले लाभ से निरंजनलाल की मासिक आय में 06 हजार रुपये तक की वृद्धि हुई है। योजना अंतर्गत निरंजन लाल को प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिलने से उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है। अब वे आत्मनिर्भर बनते हुए स्वरोजगार की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। निरंजन लाल बताते हैं कि वे पीढ़ियों से बढ़ई का कार्य करते आ रहे हैं। पहले सीमित संसाधनों के कारण अपने काम को विस्तार नहीं दे पा रहे थे। लेकिन विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उन्हें योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने योजना अंतर्गत आवेदन किया। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें विश्वकर्मा पहचान पत्र और 05 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें 4000 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें 15,000 रुपये का टूलकिट वाउचर से आधुनिक औजार मिले। प्रशिक्षण और टूलकिट से उनकी कार्यक्षमता बढ़ी और उनके कौशल में सुधार हुआ। निरंजन लाल बताते हैं कि प्रशिक्षण उपरान्त बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से उन्हें 01 लाख रुपये का ऋण भी उपलब्ध करवाया गया, जिससे वह स्वयं का व्यवसाय शुरू कर पाए। आवश्यक औजार एवं मशीन मिल पाने से उनकी आय में लगभग 06 हजार रुपये प्रतिमाह तक की वृद्धि हुई है। वह बताते हैं कि केन्द्र सरकार द्वारा योजना अन्तर्गत केवल 05 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया गया है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 02 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान भी दिया जा रहा है। निरंजन लाल स्वरोजगार व उनकी आय वृद्धि में सहयोग के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए सरकार का आभार जताते हैं। वह कहते हैं कि सरकार के सहयोग से उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिली है।

## गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम टोडा में स्थित दाऊधाम कालाकोटा में 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ विशाल एवं भव्य कलश-यात्रा के साथ गुरुवार से प्रारंभ हुआ। कलश-यात्रा पर ड्रोन से पुष्पवर्षा का नजारा देखने को मिला। यह महायज्ञ 19 से 27 मार्च तक चलेगा। दाऊधाम कालाकोटा के परम संत बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों के लिए भण्डारे की अलग व्यवस्था की गई है जिसमें सुबह-शाम पंगत-प्रसादी का वितरण किया जाएगा। संत विनोद दास महाराज व भोलाशंकर दास महाराज से मिली जानकारी के अनुसार महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन ठाकुरजी का भव्य श्रृंगार होगा। परम संत बलदेवाचार्य महाराज ने बताया कि यह महायज्ञ गायों, नंदियों और सम्पूर्ण राष्ट्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए किया जा रहा है।

दोपहर 1 से अपराह्न 3 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें कथावाचक दाऊधाम कालाकोटा के ही संत भोलाशंकर दास महाराज अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं के ज्ञानचक्षु खोलने का प्रयास करेंगे तथा रात 7 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक रासलीला का सुंदर मंचन होगा। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक महायज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी। गुरुवार हिन्दू सनातनी नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि घट-स्थापना के शुभ दिन सुबह कालाकोटा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो नंदीशाला से शुरू हुई और मुख्य मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल तक पंहुची। इस दौरान कलश यात्रा पर ड्रोन से पुष्पवर्षा भी की गई। कलश-यात्रा में संत महात्माओं के द्वारा तलवारबाजी,, लाठीबाजी के हेरतअंगेज प्रदर्शन एवं करतब आकर्षण के केंद्र रहे।

## प्रदेश महासमिति अधिवेशन में भाग लेने की अपील

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 मार्च रविवार को दौसा में आयोजित होगा। संगठन के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि एक दिवसीय महासमिति अधिवेशन में प्रदेश भर से महासमिति के सदस्य भाग लेकर शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा एवं मंथन करेंगे। अधिवेशन में विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासनिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन संगठन के चुनाव प्रभारी के नेतृत्व में करवाया जाएगा।

## 44 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

चूरू (नवयत्न)।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को डीएसओ अंशु तिवाड़ी के निर्देशन में रसद विभाग की टीम ने राजगढ़ तहसील में घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यावसायिक उपयोग अवैध भंडारण के विरूद्ध कार्यवाही की। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि प्रवर्तन टीन ने राजगढ़ स्थित शंकरलाल प्रजापत, सांखू स्थित राजकुमार शर्मा व प्रवीण शर्मा तथा लम्बोर बड़ी स्थित जयकरण की किराणा दुकान पर दबिश देकर कुल 44 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए। कार्यवाही में प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, प्रीति खेदड़ आदि शामिल रहे।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम घोषित

चूरू (नवयत्न)।

जिले के पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सरदारशहर द्वारा कक्षा 06 में प्रवेश हेतु परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रधानाचार्य हरीश मीना ने बताया कि गत 13 दिसंबर, 2025 को चूरू जिले के खण्डों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हुई नवोदय विद्यालय में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु सत्र 2026-27 की प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। परीक्षा देने वाले विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम जांच सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, उन सभी को विद्यालय की तरफ से शीघ्र ही सूचित कर दिया जाएगा।

## एनएसएस शिविर के तहत विद्यार्थियों ने किया श्रमदान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तारानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना छै के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने विभिन्न सेवा कार्यों और बौद्धिक सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ हुआ। सेवा भावना का परिचय देते हुए स्वयंसेवकों को अलग.अलग दलों में बांटा गया। सभी स्वयंसेवकों ने बंका ब्लॉक एवं बास्केटबॉल मैदान तथा सरकारी पुस्तकालय में सामूहिक श्रमदान किया।

इस दौरान परिसर की साफसफाई कर उसे व्यवस्थित किया गया, जिससे स्वच्छता का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र में विद्यालय के व्याख्याता श्री सोमवीर पूनियाँ ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और अनुशासन व कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार छिंपा ने स्वयंसेवकों को विद्यार्थी जीवन में टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के महत्व के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि छै जैसे मंच से स्वयंसेवक समाज सेवा के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का भी निर्माण करते हैं।

शिविर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं और जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। अंत में, कार्यक्रम अधिकारी विशाखा ने शिविर के सफल संचालन के लिए सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आज होगा घोंसला वितरण

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय गांधी चैक में नि:शुल्क गौरेया घोंसलों का वितरण किया जाएगा। पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र पारीक ने बताया कि गौरेया संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसी के तहत लोगों को 201 घोंसले एक ही दिन में वितरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## ग्राम विकास अधिकारियों ने ग्राम सभाओं के बहिष्कार का लिया निर्णय

### पदोन्नति नहीं होने से ग्राम विकास अधिकारियों में है आक्रोश

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पदोन्नति नहीं होने से आक्रोशित ग्राम विकास अधिकारियों ने 20 मार्च को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली नियम विरुद्ध एकल एजेंडे की ग्राम सभाओं का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा तारानगर ने शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज विभाग को ज्ञापन भेजकर बताया कि विकसित ग्राम एवं शहरी वार्ड अभियान के तहत 20 मार्च को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं के लिए पंचायती राज विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। ग्राम विकास अधिकारी संघ ने इस आदेश को पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 का स्पष्ट उल्लंघन बताते हुए ग्राम सभाओं के एजेंडा जारी नहीं कर ग्राम सभाओं के आयोजन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उपशाखा ने बताया कि राजस्थान सरकार एवं पंचायती राज विभाग की ओर से जहां एक ओर ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की पदोन्नतियों सहित महत्वपूर्ण मांगों पर बिल्कुल भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन अवकाश के दिनों में आयोजित अभियानों एवं ग्राम सभाओं ने पंचायती राज संस्थाओं के कर्मचारियों अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया है स विभाग द्वारा प्रतिदिन आयोजित कारवाई जा रही एकल एजेंडे की ग्राम सभाएं राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 का स्पष्ट उल्लंघन है। ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की 6 वर्षों की लगभग 2000 पदोन्नतियां लंबित है जिसके चलते ग्राम विकास अधिकारी संघ 23 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए पदोन्नति नहीं तो काम नहीं आंदोलन का ज्ञापन देने व 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का आह्वान किया है। इस मौके पर जिला महामंत्री दशरथ यादव, उपशाखा अध्यक्ष रवि अग्रवाल, मंत्री राजमल कासनिया, नरेंद्र यादव, टीकूराम मीणा, किसन कासनिया, राजेंद्र शर्मा, धर्मपाल ज्याणी, रामपत कस्वा, बलवीर गुरड़ा, कुलदीप, रामगोपाल शर्मा, धर्मेंद्र, मानेंद्र, राजकुमार, श्यामसुंदर, मोनिका, सालू, रेखा सिहाग, किरण शर्मा, महेश स्वामी सहित अनेक ग्राम विकास अधिकारी मौजूद थे।

## मृतक आश्रित कर्मचारी 31 मार्च तक जमा करवाएं टंकण परीक्षा आवेदन पत्र

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने वाले मृतक आश्रित कर्मचारियों को 31 मार्च, 2026 तक टंकण परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाने के लिए कहा गया है। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों एवं विभिन्न प्रकार के सेवा नियमों के तहत शहीद आश्रितों तथा शारीरिक हताहत के आश्रित को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के नियम 9 के तहत नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी, जिनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की गई हैं, उनके लिए अतिरिक्त अवसर कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं 31 मार्च, 2026 तक प्राप्त आवेदन की टंकण परीक्षा मई, 2026 में किया जाना प्रस्तावित है। टंकण परीक्षा के लिए पृथक से सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त मृतक आश्रित कर्मचारियों को 31 मार्च, तक आवश्यक रूप से निर्धारित प्रारूप में टंकण आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500 रुपये चैक डीडीद्ध सहित संस्थापन शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, चूरू आपणी योजना में जमा करवाने के लिए कहा गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190